## बदल गया है ओएस का लुक






आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक 144- ● जबलपुर ● शुक्रवार, 25 जून, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष -15 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935




# महाराष्ट्र में डेल्टा प्लस वैरिएंट के साथ बढ़ने लगे मामले

## तीसरी लहर की आशंका तेज, दैनिक मामलों में बढ़ोत्तरी, देश भर में सतर्कता बढ़ाना आवश्यक

**मुंबई**

देश में कोरोना वायरस के डेल्टा प्लस वैरिएंट की चिंता के बीच महाराष्ट्र में कोरोना की तीसरी लहर की आशंका और बढ़ गई है। महाराष्ट्र में कोरोना वायरस के दैनिक मामलों में एक बार फिर बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। गुरुवार को राज्य में कोविड-19 के 9844 नए मामले सामने आए, इसके अलावा राज्य में डेल्टा प्लस वैरिएंट के मामले भी लगातार बढ़ रहे हैं।

### राज्य में डेल्टा प्लस वैरिएंट के मामले बढ़ रहे

स्वास्थ्य विभाग ने बयान जारी कर बताया कि राज्य में कुल संक्रमितों की संख्या 60,07,431 हो गई है। साथ ही 197 और लोगों की मौत के साथ मृतकों की कुल संख्या 1,19,859 हो चुकी है। इनमें से 149 लोगों की मौत पिछले 48 घंटे में हुई है और 48 लोगों की मौत पिछले हफ्ते हुई है। विभाग ने बताया कि राज्य में कोविड-19 से ठीक होने की दर अब 95.93 फीसदी है, जबकि मृत्यु दर बढ़कर दो फीसदी हो गई है। राज्य में पिछले 24 घंटे में 9371 रोगियों को ठीक होने के बाद अस्पतालों से छुट्टी मिली है जिससे ठीक होने वालों की संख्या 57,62,661 हो गई है। वहीं सक्रिय मामलों की संख्या 1,21,767 है। पिछले 24 घंटे में 2,32,578 लोगों की कोरोना वायरस की जांच हुई जिससे अभी तक कुल 4,03,60,931 लोगों की कोरोना वायरस की जांच हो चुकी है।

### ज्यादा संक्रमण वाले सात जिलों में जांच और टीकाकरण बढ़ाएं- सीएम



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने स्वास्थ्य अधिकारियों से राज्य के उन सात जिलों पर ध्यान केंद्रित करने को कहा जहां कोरोना वायरस संक्रमण के मामले तुलनात्मक रूप से अधिक सामने आ रहे हैं। ठाकरे ने कहा कि ऐसे जिलों में जांच और टीकाकरण की संख्या बढ़ाई जाए। ठाकरे ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रतिबंधों में ढील देने में जल्दबाजी नहीं की जानी चाहिए और वायरस के प्रसार को देखते हुए स्थानीय प्रशासन को लापरवाही नहीं करनी चाहिए। रायगढ़, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग, सतारा, सांगली, कोल्हापुर और हिंगोली जिले में संक्रमण के अधिक मामले सामने आ रहे हैं। ठाकरे ने कहा कि वर्तमान में दूसरी लहर, डेल्टा प्लस प्रकार और तीसरी लहर के खतरे को देखते हुए स्वास्थ्य अवसंरचना को बेहतर बनाना आवश्यक है। स्वास्थ्य सचिव प्रदीप व्यास ने कहा कि राज्य में संक्रमण की दर घटकर 0.15 प्रतिशत रह गई है लेकिन उक्त सात जिलों में यह दर दोगुनी या तिगुनी है।

### भारत में सबसे अधिक संक्रमित मिले

डब्ल्यूएचओ के अनुसार 14 से 20 जून के बीच भारत में कोरोना संक्रमण के सबसे अधिक 4,41,976 मामले मिले हैं। राहत की बात ये है कि ये इससे पिछले सप्ताह की तुलना में 30 फीसदी कम है। इसी तरह इस दौरान सबसे अधिक 16,329 मरीजों की मौत भारत में हुई, इसमें भी पहले की तुलना में 31 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। आंकड़े बताते हैं कि भारत में दूसरी लहर धीमी पड़ गई है।

## फटाफट खबरें



### हाईकोर्ट ने आयशा सुल्ताना को दी अग्रिम जमानत

**नई दिल्ली।** राजद्रोह के मामले में केरल हाईकोर्ट ने फिल्म मेकर आयशा सुल्ताना को अग्रिम जमानत दे दी है। बता दें कि गुरुवार को कोर्ट ने सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया था। इसके साथ ही आयशा से गुरुवार को तीन घंटे लंबी पूछताछ भी चली थी। 9 बता दें, आयशा से रविवार, बुधवार और गुरुवार को इस मामले में पूछताछ की गई थी। इसके बाद उन्हें छोड़ दिया गया था। लक्षद्वीप के कावारत्ती पुलिस स्टेशन में तीन घंटे पूछताछ के बाद बाहर आते वक्त आयशा ने कहा था कि अब सब खत्म हो गया है। मुझसे पुलिस ने कहा है कि मैं कोच्चि जा सकती हूं। अब मैं वहां के लिए रवाना हो जाऊंगी। मैं शायद कल या परसो तक वहां पहुंचूंगी।

### आपातकाल की 46वीं बरसी, पीएम मोदी ने किया ट्वीट, काले दिनों को भुलाया नहीं जा सकता

**नई दिल्ली।** आपातकाल में इस दौरान बहुत कुछ ऐसा हुआ था, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। आज के इस दिन पर नेताओं की प्रतिक्रियाएं भी आ रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस पर ट्वीट किया है। उन्होंने लिखा काले दिनों को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि इस तरह कांग्रेस ने हमारे लोकतंत्र को कुचला। आपातकाल यानी 1975-77 तक देश में संस्थानों का विनाश देखा गया। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट में आगे लिखा की हम भारत की लोकतांत्रिक भावना को मजबूत करने के लिए हर संभव प्रयास करने का संकल्प लें और हमारे संविधान में निहित मूल्यों पर खरा उतरने की कोशिश करें। हम उन सभी महानुभावों को याद करते हैं, जिन्होंने आपातकाल का विरोध किया और भारत के लोकतंत्र की रक्षा की।

### प्रेमिका की हत्या पर प्रेमी ने खुद को मारी गोली

**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में प्रेमी युगल के शव मिलने से हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि प्रेमी ने प्रेमिका की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने खुद को भी गोली मार ली। जिससे उसकी भी मौत हो गई। वहीं, प्रेमी के परिजनों ने लड़की के भाई पर दोनों की गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगाया है। एएसपी व फोरेंसिक टीम मौके पर जांच के लिए पहुंची है। घटना चंदौसी कोतवाली इलाके के गांव मिलक मौलागढ़ की है।

# ट्रेन में सवार होकर अपने पैतृक घर जाएंगे राष्ट्रपति

## 15 साल बाद कोई राष्ट्रपति प्रेशिडेंशियल एक्सप्रेस से करेगा रेल यात्रा

**नई दिल्ली।**





राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद आज शुक्रवार को नई दिल्ली से कानपुर तक की रेल यात्रा करेंगे। राष्ट्रपति अपने पैतृक गांव जाएंगे और विभिन्न कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम के मुताबिक राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद अपने पैतृक गांव की यात्रा करने के बाद राजधानी लखनऊ की यात्रा भी ट्रेन से ही करेंगे। 29 जून को लखनऊ से राष्ट्रपति कोविंद लखनऊ से दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद स्पेशल ट्रेन से दिल्ली के सफदरजंग स्टेशन से कानपुर के लिए रवाना होंगे। यह स्पेशल प्रेसिडेंशियल ट्रेन दिल्ली से 12.45 बजे रवाना होगी। सफर के दौरान ट्रेन की गति 90 से 110 किमी प्रति घंटा रहेगी। ट्रेन अलीगढ़, टूंडला, फिरोजाबाद, इटावा होकर जाएगी। हालांकि इन स्टेशनों पर ट्रेन नही रुकेगी। ट्रेन झींझक और रूरा (कानपुर देहात इलाका) स्टेशन पर ही रुकेगी। बता दें, 15 साल बाद भारत का कोई राष्ट्रपति ट्रेन से यात्रा करना जा रहा है। इससे पहले भारत के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने दिल्ली से देहरादून की यात्रा ट्रेन सी की थी। उनसे पहले भारत के पहले राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद ने ट्रेन से यात्रा की थी।

### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, ट्रेन में रहेंगे कमांडो, चप्पे-चप्पे पर नजर

इस दौरान ड्यूटी पर तैनात सभी रेल कर्मियों को एन 95 मास्क पहनना अनिवार्य होगा। वहीं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। ट्रेन में एनसीजी कमांडो तैनात रहेंगे। ट्रेन में राष्ट्रपति के लिए दो विशेष बोगी लगाई गई हैं, जिनके कोच बुलेट प्रूफ हैं। सुरक्षा के लिहाज से इस ट्रेन के आगे एक इंजर भी दौड़ेगा। ट्रेन शाम करीब 7 बजे कानपुर पहुंचेगी।

## यूपी के संतकबीर नगर में घटना

# ये कैसा हर्ष, फायरिंग में पांच मासूमों को लगी गोली



**संतकबीर नगर।** उत्तर प्रदेश के संतकबीरनगर जिले के धनघटा थाना क्षेत्र के अशरफपुर गांव में गुरुवार की रात छठी-बरही कार्यक्रम के दौरान हो रही हर्ष फायरिंग में पांच मासूम बच्चों को गोली लग गई। गोली लगते ही चीख-पुकार मच गई। अफरा-तफरी का माहौल हो गया। परिजन घायलों को आनन-फानन में लेकर सीएचसी हैंसर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दो की हालत गंभीर देखकर डाक्टरों ने मेडिकल कॉलेज गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं पुलिस फायरिंग करने वाले व्यक्ति की गिरफ्तारी में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार धनघटा थानाक्षेत्र के अशरफपुर गांव निवासी रामचंद्र भारती के घर गुरुवार की रात छठी-बरही का कार्यक्रम चल रहा था। बच्चे खुशी में नाच रहे थे। इस दौरान गांव के कुछ लोग लाइसेंसी असलहा लेकर पहुंचे थे। रात करीब दस बजे उक्त लोगों ने हर्ष फायरिंग शुरू कर दिया। इससे आठ वर्षीय अर्चना, पांच वर्षीय आयुष, सात वर्षीय रागिनी, छह वर्षीय राजन तथा 12 वर्षीय सत्यम को गोली लग गई। गोली लगते ही बच्चे जमीन पर गिरकर तड़पने लगे। बच्चों की यह दशा देखकर लोग चीखने-चिल्लाने लगे। गांव के लोगों की सहायता से इन बच्चों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) हैंसर बाजार में इलाज के लिए दाखिल कराया गया। यहां के डाक्टरों ने अर्चना व आयुष की हालत गंभीर देखकर उन्हें बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया।

## फिर गरमाई सियासत

### ईडी ने पूर्व गृह मंत्री देशमुख के आवास पर मारा छापा, जांच जारी



**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख के घर पर छापेमारी की। ईडी ने अनिल देशमुख के नागपुर और मुंबई के वर्ली वाले घर पर छापेमारी की। ईडी की ओर से नागपुर और मुंबई में अलग-अलग छापेमारी की जा रही हैं। बता दें मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह की ओर से लगाए गए आरोप के बाद अनिल देशमुख पर मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया गया था, जिसको लेकर ईडी लगातार उनसे पूछताछ कर रही है। बता दें कि परमबीर सिंह ने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को एक पत्र लिखकर पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख पर भ्रष्टाचार को लेकर कुछ गंभीर आरोप लगाए थे। इसके अलावा परमबीर सिंह ने बॉम्बे हाईकोर्ट में भी एक याचिका दायर की थी,आरोप है कि देशमुख ने सचिन वाजे को हर महीने लगभग 100 करोड़ रुपये की उगाही करने

## जम्हूरियत, कश्मीरियत और इंसानियत पर संभलकर फैसला लेंगे पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में स्वस्थ लोकतंत्र की बहाली और शांति की स्थापना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है। राज्य से 2019 में अनुच्छेद 370 और 35ए की समाप्ति तथा इसे दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभक्त करने के बाद पहली बार प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक हुई। बैठक करीब 3 घंटा 45 मिनट चली। प्रधानमंत्री ने अपनी बात रखी और सभी को बहुत धैर्यपूर्वक सुना। अब अगला कदम राज्य में परिसीमन की दिशा में तैयारी का होगा। प्रधानमंत्री मोदी इस दिशा में फूंक-फूंककर कदम रखने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने बैठक में खुद भी कहा कि वह दिल्ली की दूरी और दिल की दूरी दोनों खत्म करना चाहते हैं। राज्य में विधानसभा चुनाव और लोकतंत्र की बहाली की दिशा में सबसे बड़ी बाधा अभी राज्य का परिसीमन है। परिसीमन के बाद ही राज्य में विधान सभा चुनाव की रूपरेखा बनने की संभावना है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा भी राज्य में परिसीमन को बहुत महत्वपूर्ण मान रहे हैं। यह प्रक्रिया जल्द ही शुरू होने की उम्मीद है। इस दौरान गृहमंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर को लेकर प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने के लिए प्रतिबद्ध है। अमित शाह के इस बयान को जम्मू-कश्मीर में अनुकूल माहौल तैयार करने की दिशा में काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## बलरामपुर में बाइक से टकराकर पानी भरे गड्ढे में गिरी कार, 6 की मौत

**बलरामपुर (एजेंसी)।**



शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे गोंडा से देवीपाटन शक्तिपीठ जा रही तेज रफ्तार कार शिवा नगर चयपुरवा गांव के पास बाइक सवार के टकराकर सड़क के किनारे पानी भरे गड्ढे में गिर गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद कार में सवार छह लोगों को बाहर निकाला। यह सभी लोग डूबने की वजह से बेहोश थे। एंबुलेंस की मदद से सभी को जिला अस्पताल बलरामपुर भेजा गया। परीक्षण के उपरांत डॉक्टर ने सभी लोगों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान उसी गांव के इन्द्रसेन सिंह ने की है। मृतकों में शत्रुघ्न सिंह 52 वर्ष, कृष्ण कुमार सिंह 45 वर्ष, स्नेह लता 44 वर्ष, तनु 15 वर्ष, मिली 14 वर्ष तथा उत्कर्ष 12 वर्ष शामिल हैं। सभी ग्राम मनियाए मन्हना जनपद गोंडा के निवासी थे।

### खुशखबरी, शनिवार को हो सकता है 3 एरियर पर बड़ा फैसला, बैठक होगी



नई दिल्ली। 7वें वेतन आयोग को लेकर केन्द्रीय कर्मचारियों में उत्सुकता भी देखने को मिल रही है महंगाई भत्ते और मंहगाई राहत को लेकर खबर के इंतजार में बैठे हुए थे। 7 वें वेतन आयोग को लेकर पिछले माह की 8 मई को बैठक होना तय हुई थी लेकिन कोरोना महामारी के चलते इसे स्थगित करते हुए 26 जून को अगली बैठक का निर्णय लिया गया था। इसलिए अब शनिवार को केन्द्रीय कर्मचारियों के राहत को लेकर खबर मिल सकती है।

# दिल्ली सरकार ने बढ़ा-चढ़ाकर की थी ऑक्सीजन की मांग




**नई दिल्ली।** कोरोना की दूसरी लहर के दौरान दिल्ली सरकार ने राजधानी के लिए जितनी ऑक्सीजन की मांग की थी उतने की जरूरत नहीं थी। दिल्ली सरकार ने ऑक्सीजन की मांग बढ़ा-चढ़ाकर की थी। ये कहना है सुप्रीम कोर्ट द्वारा बनाई ऑक्सीजन ऑडिट कमेटी की रिपोर्ट का। सुप्रीम कोर्ट ने यह ऑडिट कमेटी पिछले महीने गठित की थी। इस कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में पाया है कि दिल्ली सरकार ने कोरोना की दूसरी लहर के दौरान चार गुना ज्यादा ऑक्सीजन की मांग की।

### भाजपा साध रही पर निशाना

ऑडिट कमेटी की रिपोर्ट सामने आने के बाद भाजपा लगातार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साध रही है। पूर्व क्रिकेटर और गौतम गंभीर ने भी ट्वीट कर कहा कि, अगर अरविंद केजरीवाल में शर्म बची है तो अभी एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करिए और देश से कोरोना की दूसरी लहर के दौरान चार गुना ऑक्सीजन की मांग करने के लिए माफी मांगिए। अप्रैल मई में हुई थी ऑक्सीजन की किल्लत अप्रैल और मई माह में दिल्ली के कई अस्पतालों में ऑक्सीजन की कमी हो गई थी और कई अस्पतालों में तो गंभीर कोरोना मरीजों की ऑक्सीजन की कमी के चलते मौत तक हो गई थी। इसके चलते केजरीवाल सरकार और केंद्र के बीच वाक युद्ध छिड़ गया था। उस वक्त दिल्ली हाईकोर्ट के दखल पर केंद्र सरकार ने दिल्ली के ऑक्सीजन आवंटन की मात्रा बढ़ाई थी जिसके लिए उसके दूसरे राज्यों के कोटे में कटौती करनी पड़ी थी। ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली को लगभग 300 मीट्रिक टन ऑक्सीजन की जरूरत उस वक्त थी लेकिन दिल्ली सरकार ने अपनी मांग को 1200 मीट्रिक टन तक बढ़ा दिया था।

### राहुल गांधी का सवाल: डेल्टा प्लस वेरियंट की बड़े स्तर पर जांच क्यों नहीं



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी ने मोदी सरकार को एक बार फिर आड़े हाथ लिया है। राहुल गांधी ने मोदी सरकार से देश में मौजूद डेल्टा प्लस वैरिएंट को लेकर तीन सवाल किए हैं और ट्विटर पर उन्हें साझा किया है। राहुल गांधी ने देश में कोरोना वायरस के डेल्टा प्लस स्वरूप के कई मामले सामने आने की पृष्ठभूमि में केंद्र सरकार से सवाल किया कि इसकी रोकथाम के लिए बड़े स्तर पर जांच क्यों नहीं हो रही है।

### इधर वैक्सीनेशन से रोकने युवक अधार कार्ड लेकर पेड़ पर चढ़ गया



कोरोना से बचाव के लिए लोग वैक्सीन को हथियार के तौर पर ले रहे हैं। बड़ी संख्या में लोग टीका लगवाने केंद्रों पर पहुंच रहे हैं, लेकिन इसको लेकर लोगों में अफवाहें और भ्रम की स्थिति भी कम नहीं है। इसको लेकर लोग कोरोना टीका लगवाने से बच रहे हैं। ताजा मामला मध्यप्रदेश का है। यहां पर एक युवक ने खुद तो टीका नहीं लिया, बल्कि पत्नी को भी टीका लेने से रोक दिया। इतना ही नहीं युवक ने पत्नी का आधार कार्ड लेकर पेड़ पर चढ़ गया। दरअसल, राजगढ़ जिले के पाटन कला गांव में एक युवक वैक्सीन से बचने के लिए पेड़ पर चढ़ गया। युवक तब तक नहीं उतरा जब तक टीकाकरण केंद्र पर वैक्सीन खत्म नहीं हो गई। गांव में रहने वाले कंवरलाल को टीकाकरण केंद्र पर वैक्सीन लगवाने के लिए बुलाया जा रहा था, लेकिन युवक टीका लगवाने नहीं पहुंचा। इसके बाद लोगों ने उसके घर पर पहुंचकर टीका केंद्र चलने का आग्रह किया, फिर भी वह जाने को तैयार नहीं हुआ।

## सतना में वैक्सीनेशन को लेकर अनोखा वाक्या

# टीका के लिए जिद: पत्नी ने कहा-मैं खाना नहीं बनाऊंगी...



**सतना।** आपने पत्नी के प्रेम और जिद से भरा वह गाना तो सुना ही होगा- मैं मायके चली जाऊंगी, तुम देखते रहियो%। पत्नी की मीठी जिद का ऐसा ही एक मामला सतना जिले में सामने आया है। यहां के बजरहा टोला अहिरान मोहल्ला निवासी रानू साहू ने अपने पति से जिद की कि यदि टीका नहीं लगवाया तो मैं खाना नहीं बनाऊंगी...तुम भूखे ही रहियो।

### जिद का असर यह हुआ कि पति उसे लेकर टीकाकरण केंद्र पहुंचा

पत्नी की इस जिद का असर यह हुआ कि पति उसे लेकर टीकाकरण केंद्र पहुंचा और दोनों ने उत्साह से टीका लगवाया। रानू साहू एक जागरूक गृहिणी हैं। जब से 18 से अधिक आयुवर्ग के लोगों का वैक्सीनेशन शुरू हुआ, तब से रानू चाहती थीं कि उन्हें भी टीका लगे। वे प्रतिदिन पति ऋषि कुमार साहू से टीका लगवाने का आग्रह करतीं, लेकिन पति बहाना बनाकर टाल देते। इस बीच मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 21 जून से टीकाकरण महा-अभियान शुरू किया, तो इससे रानू का उत्साह और बढ़ गया। उन्होंने फिर पति से आग्रह किया, लेकिन पति ने टाल दिया। इस पर रानू ने हठ योग का सहारा लेते हुए गुरुवार (24 जून) को सुबह पति से कहा कि आज अगर टीका नहीं लगा, तो घर में भोजन नहीं बनेगा और हम सब भूखे ही रहेंगे।

### अनूठे संकल्प के आगे पति को झुकना पड़ा

रानू के इस अनूठे संकल्प के आगे पति को झुकना पड़ा। वह पत्नी को लेकर तुरंत नजदीकी टीकाकरण केंद्र बजरहा टोला शासकीय विद्यालय पहुंचे और साहू दंपती ने केंद्र में सबसे पहले टीका लगवाया। टीका लग जाने से रानू बेहद खुश और उत्साहित नजर आईं।




## सरकारी स्कूलों में घट गई बच्चों की संख्या

# सर्वे कर पहुंचाई जाएंगी पुस्तकें

**जबलपुर। कोरोना काल के चलते सभी स्कूल और कॉलेज में विद्यार्थियों की रौनक गायब रही। सरकारी स्कूलों में जनरल प्रमोशन होने के बाद कक्षा पहली से पास होकर बच्चे दूसरी में चले गए हैं।**



दो वर्ष से स्कूल नहीं लगने से कक्षा पहली में बच्चों का टोटा हो रहा है। पूर्व में एक जुलाई से नया शिक्षा सत्र शुरू होता था, जिसके कुछ समय से 16 जून से औपचारिताएं होने लगती थी। लेकिन सही तरीके से सत्र का शुभारंभ एक जुलाई से ही माना जाता था। अब फिर कोरोना की तीसरी लहर नहीं आई तो 1 जुलाई से स्कूल कॉलेज खुलने की संभावना बन रही है। पूर्व में अप्रैल में स्कूलों में प्रवेश उत्सव मनाया जाता था। कोरोना के कारण नहीं मनाया गया। उन्हें नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक निगम की पुस्तकें दी जाती थी। पुस्तक प्राप्त होने पर बच्चों में बहुत खुशी देखी जाती थी। इस बार अभी तक पुस्तकें नहीं आई हैं। पुरानी पुस्तकों का वितरण भी घर जोर किया गया है, अब ये पुस्तकें उनके घर पर शिक्षकों के माध्यम से भिजवाई गईं। अब नई पुस्तकें आने वाली हैं। जैसे ही पुस्तकें आएंगी उनके बांटने का अभियान जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा है। स्कूल के पास वाले घरों से पालक को बुलाकर पुस्तकें दी जाएंगी। दूर के घरों में खासकर छोटे बच्चों के घर पर शिक्षक जाकर पुस्तकें देंगे।

**प्रायमरी और मिडिल की पुस्तकें बंटेंगी:** विद्यार्थियों को दी जाने वाली नि:शुल्क पुस्तक योजना की पुस्तकें आ रही हैं। पहले प्रायमरी और मिडिल कक्षाओं की पुस्तकें वितरित की जाएंगी। इन सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों को पुस्तकें पहुंचाने की प्रक्रिया प्रारंभ होने वाली है।

**घर में ही रहकर करेंगे पुस्तकों का अध्ययन:** पुस्तकें विद्यार्थियों तक पहुंचाना है। इसके लिए यह प्लान बनाया जा रहा है कि स्कूल के पास वाले बच्चों के पालकों को बुलाकर पुस्तकें वितरण की जाएगीं। लेकिन स्कूल से जिनका घर दूर हैं उन्हें तो उनके घर पर ही पुस्तकें पहुंचाना है। उनके घर शिक्षक पुस्तकें देने जांएगे।

**ऑन लाइन हो रही पढ़ाई:** माध्यमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों को मोबाइल पर जोड़कर उनकी पढ़ाई ऑनलाइन की जा रही है। जिन विद्यार्थियों के पास एंड्रायड मोबाइल नहीं हैं उन्हें सलाह दी जा रही है कि वे कुछ देर के लिए पड़ोस वालों से मोबाइल लेकर जुड़ सकते हैं। जिससे कि उन्हें भी ऑनलाइन पढ़ाई से जोड़ा जा सके। कुछ बच्चे नहीं जुड़ पा रहे हैं।

> शासन स्तर से पुस्तकें पहुंचाई जा रही हैं। जैसे ही पुस्तकें मिलेंगी। बच्चों के पालकों को बुलाकर या जो छोटे बच्चे हैं उनका घर दूर है तो शिक्षकों के माध्यम से पुस्तकें बच्चों तक पहुंचाने का क्रम शुरू किया जाएगा जिससे कि पुस्तकें बच्चों तक पहुंच जाएं।
>
> **डॉ आर पी चतुर्वेदी,**
> **जिला समन्वयक जिला शिक्षा केंद् जबलपुर**



# 20 जुलाई से योग निद्रा में चले जाएंगे श्रीहरि, नहीं होंगे शुभ कार्य

**जबलपुर।** कोरोना कर्फ्यू के खत्म होने के बाद शादियां में अधिक मेहमानों के साथ फिर शुरू हो गई है। अगले माह श्रीहरि विष्णु योग निद्रा में चले जाएंगे। मलमास लगने के कारण शुभ कार्य एक बार फिर टल जाएंगे जून और जुलाई में अब शादी के कम मूहूर्त के कारण बड़ी संख्या में विवाह होंगे।ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक जून में विवाह में भड़ली नवमी सहित जुलाई में विवाह के लिए कुल 8 शुभ मुहूर्त है। 20 जुलाई को भगवान विष्णु निद्रा योग में चले जाएंगे और चातुर्मास की शुरुआत हो जाएगी। चातुमांस के कारण मुहूर्त बचे हैं। वहीं भड़ली नवमी पर अबूझ मुहूर्त होने के लिए चार शुभ मुहूर्त हैं। वहीं जुलाई अगले 4 महीनों तक विवाह के मुहूर्त नहीं रहेंगे। फिर नवंबर में शहनाइयों की गूंज सुनाई देगी।

**अगले माह श्रीहरि विष्णु योग निद्रा में चले जाएंगे।**

**मलमास लगने के कारण शुभ कार्य एक बार फिर टल जाएंगे**

भड़ली नवमी 18 को आषाढ़ महीने के शुक्ल पक्ष की नवमी को अबूझ मुहूर्त मानकर इस तिथि पर अधिक से अधिक शादियां की जाती है। इसे भड़ली नवमी कहा जाता है, जो कि 18 जुलाई को है। इसके बाद अगला अबूझ मुहूर्त देवउठनी एकादशी पर रहेगा। देव उठनी एकादशी 14 नवंबर को है। यानी 4 महीने के बाद इसी दिन से शुभ कार्य प्रारंभ होंगे।

श्रीहरि के योग निद्रा में जाने से शुरू होगा देवशयन 20 जुलाई से श्रीहरि योग निद्रा में चले जाएंगे, जिससे देव शयन शुरू हो जाएगा. जो कि 14 नवंबर तक रहेगा। इन चार महीनों के दौरान सभी तरह के मांगलिक कार्यों पर ब्रेक लग जाएगा। इसके बाद 15 दिसंबर से 15 जनवरी के बीच में सूर्य देव के धनु राशि में आने के कारण धनु मास का प्रारंभ होगा। इस 1 महीने में भी कोई शुभ काम नहीं होंगे। इस तरह जून से लेकर दिसंबर तक इस साल विवाह के कुल 27 ही शुभ मुहूर्त शेष है।

### श्रीहरि के योग निद्रा में जाने से शुरू होगा देवशयन

20 जुलाई से श्रीहरि योग निद्रा में चले जाएंगे, जिससे देव शयन शुरू हो जाएगा. जो कि 14 नवंबर तक रहेगा। इन चार महीनों के दौरान सभी तरह के मांगलिक कार्यों पर ब्रेक लग जाएगा। इसके बाद 15 दिसंबर से 15 जनवरी के बीच में सूर्य देव के धनु राशि में आने के कारण धनु मास का प्रारंभ होगा। इस 1 महीने में भी कोई शुभ काम नहीं होंगे। इस तरह जून से लेकर दिसंबर तक इस साल विवाह के कुल 27 ही शुभ मुहूर्त शेष है।

## 115 बोरी नकली उर्वरक और रासायनिक पदार्थ जप्त

जबलपुर ।राजस्व विभाग के अमले ने आज मझौली तहसील के ग्राम गौरहा भिटौनी में छापामार कार्यवाही कर एक फार्म हाउस से 115 बोरियों में भरकर रखे गये करीब 5 हजार 750 किलो नकली उर्वरक तथा तराजू, बांट, सिलाई मशीन और नकली उर्वरक बनाने में इस्तेमाल किये जाने वाला रासायनिक पदार्थ जप्त किया है। नकली उर्वरक बनाने का यह कार्य श्रीमती हेलन डिसूजा के फार्म हाउस में टीन शेड से तैयार किये गये कमरे से किया जा रहा था। कलेक्टर कर्मवीर शर्मा के निर्देश पर एसडीएम सिहोरा आशीष पाण्डे के नेतृत्व में की गई कार्यवाही में फार्म हाउस में बने कमरे को सील कर दिया गया है। मौके से बडोदरा गुजरात की उत्तम श्रीराम क्राप साल्यूशन कंपनी के उर्वरक के पांच-पांच किलो के भरे और खाली पैकेट भी जप्त किये गये। जप्त किये गये नकली उर्वरक और रासायनिक पदार्थों को पुलिस एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को विस्तृत जांच हेतु सौंप दिया गया है।एसडीएम आशीष पाण्डे ने बताया कि नकली उर्वरक बनाने के इस मामले में आरोपी जेसन डिसूजा एवं विद्याचरण लोधी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई जा रही है।



# मानसून के रंग ठंडक भरे

## अगले तीन दिन हल्की बारिश

जबलपुर। मानसून के रंग ठंडक भरे हो गए हैं। झारखंड में बने चक्रवात के कारण दो दिन अच्छी बारिश हुई। अगले तीन दिन हल्की बारिश होगी। गुरूवार को हुई तेज बारिश के कारण शहर के कई इलाकों में जलभराव हो गया। इससे ट्रैफिक जाम भी हुआ। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में कई शहरों में यलो अलर्ट जारी किया है। जबलपुर संभाग के कटनी, सिवनी, मंडला, बालाघाट में भारी बारिश की संभावना है। झारखंड से मध्यप्रदेश होकर गुजरात तक एक द्रोणिका लाइन (पूर्व-पश्चिमी ट्रफ) बनने के कारण सुस्त बने मानसून की सक्रियता बढ़ गई है। इस वेदर सिस्टम के कारण अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से नमी मिलने का सिलसिला शुरू हो गया है। इससे प्रदेश के अधिकांश जिलों में गरज-चमक के साथ रुक-रुक कर बौछारें पड़ रही हैं। उधर झारखंड पर बने ऊपरी हवा के चक्रवात के प्रभाव से पूर्वी मप्र में बरसात हो रही है। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार को जबलपुर का अधिकतम तापमान 29.8 डिग्रीसेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से 5 डिग्रीसे.कम रहा। साथ ही यह शुक्रवार का न्यूनतम तापमान 21.6 डिग्रीसे. रिकार्ड किया गया। यह सामान्य से 3 डिग्रीसे. कम रहा। तेज बौछारें पड़ने के कारण तापमान में गिरावट हुई है।मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि पूर्व-पश्चिमी ट्रफ मप्र से होकर गुजर रहा है। झारखंड पर एक ऊपरी हवा का चक्रवात बना हुआ है। इस चक्रवात से लेकर दक्षिणी छत्तीसगढ़ तक एक ट्रफ बना हुआ है। इसके अतिरिक्त पंजाब से बंगाल की खाड़ी तक भी एक ट्रफ बना हुआ है। इन चार वेदर सिस्टम के सक्रिय होने से मप्र के अधिकांश जिलों में बारिश हो रही है। अभी दो-तीन दिन तक रुक-रुक कर बौछारें पड़ने का सिलसिला जारी रहने की संभावना है। पिछले 24 घंटों में 14.7 मिलीमीटरी बारिश हुई। एक जून से अब तक 142.8मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई।

### जिले में अब तक 132.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

जिले में इस साल एक जून से गुरूवार तक 132.2 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है।जबकि पिछले वर्ष इस अवधि के दौरान 24.7 मिली मीटर औसत बारिश दर्ज की गई थी।अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक इस साल आलोच्य अवधि तक जबलपुर तहसील के वर्षामापी केन्द्र बरगी में 227.4 मिलीमीटर, बरेला वर्षामापी केन्द्र में 95.8 मिलीमीटर, पनागर वर्षामापी केन्द्र में 180.4 मिलीमीटर, कुण्डम वर्षामापी केन्द्र में 233.9 मिलीमीटर, पाटन में 57.2 मिलीमीटर, शहपुरा वर्षामापी केन्द्र में 74.1 मिलीमीटर, सिहोरा में 115.2 मिलीमीटर, मझौली वर्षामापी केन्द्र में 78.2 मिलीमीटर और अधारताल में 128.1 मिलीमीटर वास्तविक वर्षा हुई।

## रेलवे ने की 21 दिन में रिकार्ड

# 5.54 करोड़ की वसूली

**जबलपुर यश भारत।** जबलपुर रेल मंडल ने जून माह में बिना टिकिट यात्रियों को पकड़ने का एक बड़ा रिकार्ड बनाया है. मंडल ने इस माह के 21 दिनों में ही 71 हजार से अधिक बिना टिकिट यात्रियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त करते हुए इनसे पांच करोड़ 54 लाख रूपये इस अवधि में जुर्माना बतौर वसूल किये है.इस सम्बन्ध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्व रंजन ने बताया कि वर्तमान जून माह में यात्री ट्रेनों की संख्या में वृद्धि होते ही बिना टिकिट के रेल में यात्रा करने वालो के हौसले भी बढ़ गए. इन पर लगाम लगाने रेलवे ने अपने टिकिट निरीक्षको को टिकिट जाँच के सख्त निर्देश दिए एवं किलाबंदी जांच प्रारंभ की जिसके सकारात्मक परिणाम आये और 21 दिनों की अवधि में 5.54 करोड़ रूपये का राजस्व भी प्राप्त हुआ. श्री रंजन ने बताया कि इस माह में 16 जून को मंडल में एक दिन में सर्वाधिक 4413 यात्रियों को पकड़कर उनसे लगभग 37 लाख रूपये का जुर्माना वसूला गया है. उल्लेखनीय है कि गत मई माह में कम ट्रेने चलने पर भी जबलपुर मंडल में टिकिट निरीक्षको ने 22 हजार से अधिक बिना टिकिट यात्रियों को पक?ने में सफलता प्राप्त करते हुए उनसे एक करो? 45 लाख रूपये का जुर्माना वसूल किया था. श्री रंजन ने यात्रियों से अपील की है कि वे ट्रेन में प्रवेश के पूर्व अपना उचित टिकिट एवं आई डी साथ में रखे तथा ट्रेन में कोविड 19 के प्रोटोकाल का पालन करे/





## प्राथमिकता से ज्यादा से ज्यादा धान मिलिंग करें- कलेक्टर

जबलपुर यशभारत । कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने आज मिलर्स एसोसिएशन की बैठक लेकर धान की मिलिंग को फास्ट ट्रेक में लाने तथा अगली खरीदी के लिए जगह सुनिश्चित करने के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये बैठक के दौरान जिले में मिलर्स एसोसिएशन को धान मिलिंग के नये नियमों की जानकारी दी गई साथ ही नये नियमों के अनुसार शीघ्र ही अनुबंधकर पिछले वर्ष उपार्जित की गई धान को मिलिंग करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि धान मिलिंग को प्राथमिकता दें ताकि आगामी उपार्जित धान को रखने के लिए जगह भी मिल सकें। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि एक माह में मिलिंग के प्रगति दिखायें। मिलर्स ने आश्वासन दिया कि इस दिशा में तेजी से कार्य करेंगे। इस दौरान कहा गया कि मिलर्स की भुगतान से संबंधित कठिनाईयों का शीघ्र निराकरण कर दिया जायेगा। बैठक में अपर कलेक्टर राजेश बाथम डीएमओ रोहित सिंह बघेल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे ।

# निगम के सी एम डी की दौड़ में जी एम खमरिया आगे

## जी एम जी सी एफ खिसक कर पहुंचे 12वें पायदान पर




जबलपुर यशभारत ।आयुध निर्माणी बोर्ड के विखंडन के बाद प्रस्तावित7निगम में अंतरिम बोर्ड के गठन मे सी एम डी की दौड़ में अब खमरिया फैक्ट्री के जी एम आगे हो गए हैं ।दरअसल रक्षा उत्पादन विभाग ने पूर्व में शर्त रखी थी कि जिनके तीन साल से ज्यादा सेवा बाकी है वही सी एम डी के लिए आवेदन कर सकते हैं ।इस क्रम में जी सी एक के महाप्रबंधक राजेश चौधरी का नाम वरिष्ठता सूची में पहले नंबर पर था जो अब खिसक कर12 वे नंबर पर आ गया ।पूर्व में जारी सूची में इससे कुछ ऐसे अधिकारी छूट रहे थे जिन्होंने निगमों के गठन मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी ।लिहाजा पूर्व आदेश के बाद तत्काल ही उसमें बदलाव करते हुए संशोधित आदेश जारी किया गया कि जो अधिकारी अक्टूबर2012मे59वर्ष पूरे कर रहे हैं वे भी निगम के सी एम डी बनने के लिए आवेदन कर सकते हैं ।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार खमरिया के महाप्रबंधक2024मे सेवा निवृत्त हो रहे हैं ।लिहाजा वे सी एम डी की दौ? से बाहर हो गए थे ।लेकिन जब ये खबर दिल्ली पहुंची या पहुंचाई गई तो रातों रात आदेश मे तब्दीली कर दी गई ।उल्लेखनीय है कि सरकार ने एक या एक से अधिक निगम बनाने के लिए जिस कमेटी का गठन किया था ।उसे सलाह देने के लिए रक्षा उत्पादन विभाग ने आयुध निर्माणी बोर्ड की ओर से सहयोग देने के लिए जो टीम बनाई थी ।उसके मुखिया खमरिया फैक्ट्री के महाप्रबंधक को बनाया गया था ।लिहाजा वर्तमान में तय किये गए निगमों की भूमिका में खमरिया महाप्रबंधक का कहीं न कहीं प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष योगदान को नकारा नहीं जा सकता है ।लिहाजा रक्षा उत्पादन विभाग ने अन्य सभी मानकों को यथावत रखते हुए तीन साल की बकाया सेवा की शर्त मे तब्दीली कर दी है ।यद्यपि खमरिया महाप्रबंधक वरिष्ठता सूची में6वें नंबर पर है ।लेकिन यह तय है कि आगामी दिनों मे जब सातों निगम का अंतरिम बोर्ड गठित होगा ।तब खमरिया महाप्रबंधक को किसी निगम में सी एम डी के रूप में उपकृत जरूर किया जायेगा ।जानकारी के अनुसार निगमों के बनने वाले बोर्ड में आई ओ एफ एस अधिकारियों को प्राथमिकता दी गई है ।लेकिन इसके लिए उन्हें आवेदन करना होगा ।वरिष्ठता सूची जो जारी की गई है उसमें अभी डे? सौ से ज्यादा अधिकारी शामिल हैं ।सात निगमों के लिए करीब90 अधिकारियों का चुनाव होना है ।ऐसे में अंतरिम बोर्ड में शामिल होने के लिए व्ही एफ जे महाप्रबंधक अतुल गुप्ता की लाटरी भी लग सकती है जो वरिष्ठता सूची में21 वें स्थान पर हैं ।इस तरह जबलपुर की तीन आयुध फैक्ट्रियों के महाप्रबंधक भविष्य में गठित होने वाले आयुध निर्माणी निगमों मे शामिल हो सकते हैं।

### गोताखोरों ने बचा ली अधेड़ की जान

**जबलपुर ,यशभारत।** भेड़ाघाट धुआंधार स्नान करने के लिए पपहुंचे दमोह जिला के तेंदूखेड़ा निवासी 55 वर्षीय नारायण साहू व्यक्ति की जान गोताखोरों की तत्परता से बच गई। यह व्यक्ति पूर्णिमा के अवसर पर भेड़ाघाट स्नान करने के लिए आया था । जहां वह नहाते समय अचानक फिसल गया और बहने लगा तो उसने बचाव के लिए जोर-जोर से आवाज लगाई । मौके पर उपस्थित गोताखोर राजेश भूमिया एवं गुरु भूमिया ने आवाज सुनकर पहुंचे वृद्ध को पकड़कर उसकी जान बचा ली । इसकी सूचना बिरला घाट थाने में पदस्थ हरिओम को दी गई जिसके बाद उसे थाने लाया गया बाद में प्रारंभिक कार्रवाई के उपरांत उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

# मप्र में ट्रांसफर पॉलिसी जारी-1 से 31 जुलाई तक होंगे ट्रांसफर

**जबलपुर,यशभारत ।**राज्य सरकार कर्मचारियों को ब?ी राहत देने जा रही है। सामान्य प्रशासन विभाग ने नई ट्रांसफर पॉलिसी जारी कर दी है। प्रदेश में 1 जुलाई से 31 जुलाई तक ट्रांसफर हो सकेंगे। पहले अनुसूचित क्षेत्रों के खाली पदों को भरा जाएगा। कोरोना से गंभीर बीमार होने वालों को प्राथमिकता मिलेगी। यदि सरकारी प्रक्रिया से उनका ट्रांसफर हो रहा होगा, तो इस आधार पर उनका तबादला रोक भी दिया जाएगा। अभी यह छूट कैंसर, किडनी खराब, ओपन हार्ट सर्जरी आदि के चलते नियमित जांच कराने वाले कर्मियों को मिलती है। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा, 1 से 31 जुलाई तक के लिए ट्रांसफर पर लगे बैन को हटाया जा रहा है। बजट सत्र के दौरान कैबिनेट की बैठक में निर्णय लिया गया था कि 1 से 31 मई बीच ट्रांसफर हो सकेंगे, लेकिन कोरोना की दूसरी लहर के कारण नीति को लंबित कर दिया गया था। नई पॉलिसी के मुताबिक इस बार तहसील, जिला व राज्य स्तर पर तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के तबादले प्रभारी मंत्री के अनुमोदन पर ही किए जाएंगे। वहीं, प्रथम व द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों के स्थानांतरण विभागीय मंत्री के अनुमोदन और जिले के भीतर के तबादले प्रभारी मंत्री और कलेक्टर आपसी समन्वय से करेंगे ।बता दें कि मंत्रियों और विधायकों के पास ट्रांसफर के सैकड़ों आवेदन पड़े हैं। इतना ही नहीं ट्रांसफर पर बैन होने के कारण मंत्रियों की सिफारिश के पत्र व नोटशीट मुख्यमंत्री कार्यालय में पहुंच रही हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री ने ट्रांसफर से बैन हटाने का ऐलान किया है।

**पहले अनुसूचित क्षेत्रों के खाली पद भरे जाएंगे, कोरोना से गंभीर बीमार होने वालों को प्राथमिकता**

# पमरे में ओएचइ के रखरखाव में टावर वैगन की महत्वपूर्ण उपयोगिता

***जबलपुर यश भारत।** पश्चिम मध्य रेल में ओएचइ रखरखाव के समय और निरीक्षण के लिये टावर वैगन की उपयोगिता अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इसका उपयोग नियमित रूप से किया जाता है। टावर वैगन की विश्वसनीयता और उपलब्धता सुनिश्चित करना एवं उचित रखरखाव बहुत आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि टॉवर वैगन एक महत्वपूर्ण वाहन है, जिसमें 08 व्हीलर डीजल इलेक्ट्रिक टॉवर कार (डीईटीसी) 04 एक्सल दोंनो दिशाओं वाला और दोनों सिरों पर ड्राइविंग केबिन है। जिसका उपयोग समय-समय पर निरीक्षण, गश्त और रखरखाव के लिए है। इस टॉवर वैगन कार का मुख्य कार्य ओवर हेड उपकरणों पर कर्षण तार का रखरखाव करना, सभी ओएचई पैरामीटर के मेजरमेंट, खराब उपकरणों पर ध्यान देना, क्षतिग्रस्त ओएचई की बहाली , पुनर्स्थापन उपकरण आदि को ठीक करना है। इसके अलावा इसका उपयोग मास्ट को स्थापित करने में, केटेनरी एवं कांटेक्ट तार को लगाने के लिए भी किया जाता है। टावर वैगन कार के द्वारा चालू लाइन मे भी निरीक्षण किया जा सकता है।



इस संबंध में पश्चिम मध्य रेल के सीपीआरओ राहुल जयपुरियार ने जानकारियां बताया कि पमरे के जबलपुर मंडल में शत प्रतिशत विद्युतीकरण हो चुका है। विद्युतीकृत खण्ड के रखरखाव के लिए अलग-अलग मुख्य स्टेशनों पर मेन्टेनेन्स डिपो है। इन डिपो में टॉवर वैगन उपलब्ध हैं। पमरे ने पिछले कुछ महीनों में तीन नए टॉवर वैगन क्रमशः ब्यौहारी, मझगवां एवं सराईग्राम में कमीशन किए गए है । इन नए टॉवर वेगन के कमीशन होने से दो मुख्य सेक्शनों पर कटनी-सिंगरौली एवं सतना-मानिकपुर रेल खण्डों पर ओएचई लाइन के रखरखाव एवं असामान्य घटना में कम समय लगेगा एवं सेक्शन में ओएचई स्टॉफ के घटना स्थल पर पहुँचने में तीव्रता एवं सुगमता मिलेगी। विद्युतीकृत खण्ड में दुर्घटना के समय तथा ओ.एच.ई. के रखरखाव में टॉवर वैगन की अहम भूमिका है। ओ.एच.ई के नियमित निरीक्षण , क्षतिग्रस्त ओ.एच.ई. को सहीं करने तथा छोटी लम्बाई के केटेनरी तथा कॉन्टेक्ट वायर बिछाने के कार्य में इसका उपयोग किया जाता है।

# कबीर सम्मान से अंलकृत हुए साहित्य-सेवी

**जबलपुर।** मानवीय मूल्यों के अनुगायक संत कबीर की जयंती पर साहित्यिक संस्था ''साहित्य सहोदर'' के तत्वावधान में श्रीजानकीरमण महाविद्यालय के गरिमामय मंच पर साहित्य सेवियों का सम्मान प्रतिवर्षानुसार किया गया। इस वर्ष सम्मानित साहित्य सेवियों में अजय तुलसी (नरसिंहपुर), रमाकांत ताम्रकार (जबलपुर), राज सागरी(जबलपुर), विनोद नयन(जबलपुर), श्रीमती माधुरी मिश्रा(जबलपुर) शामिल है।आयोजन के मुख्य अतिथि उत्तरमध्य विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक विनय सक्सेना, अध्यक्ष श्री कपिलदेव मिश्र, कुलपति रानीदुर्गावती विष्वविद्यालय,जबलपुर(वर्चुअल रुप से) सारस्वत अतिथि शरद चंद पालन, अध्यक्ष शासी निकाय,श्रीजानकीरमण महाविद्यालय तथ मुख्य वक्ता के रुप में वरिष्ठ साहित्यकार श्री नवीन चतुर्वेदी उपस्थित रहे। संपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन कोविड-19 के नियमों का पालन कर किया गया। आयोजन के प्रथम चरण में संस्था संस्थापक श्री सुरेष मिश्र विचित्र तथा अध्यक्ष डॉ.अभिजात कृष्ण त्रिपाठी,प्राचार्य श्रीजानकीरमण महाविद्यालय ने अतिथियों का स्वागत किया। आयोजन के द्वितीय चरण में कबीर भजन संध्या में राकेश चौरसिया एवं साथी तथा नाट्यलोक संस्था ने मनभावन प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन अजय मिश्रा एवं आभार डॉ.अभिजात कृष्ण त्रिपाठी,प्राचार्य श्रीजानकीरमण महाविद्यालय ने किया। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रुप से अभिमन्यु जैन, यू.एस.दुबे,डॉ.कौशल दुबे, , डॉ शक्ति सिंह मण्डलोई, अशोक मनोध्या, निरंजन द्विवेदी, डॉ.गंगाधर त्रिपाठी, उदयभानु तिवारी,आशुतोष तिवारी,मनोहर चौबे, नरेश जैन, गणेश प्यासन, कालीदास ताम्रकार , डॉ.रानू रुही छाया नरगिस, विजय नेमा अनुज, वसंत शर्मा, विजय जायसवाल, अखिलेष त्रिपाठी,प्रतुल श्रीवास्तव,दविन्द्र सिंह ग्रोवर(नाट्यलोक संस्था),सुरेश दर्पण,प्रभात दुबे,मकबूल अली, चंद्रगोपाल तिवारी, मनोज चौरसिया, मुकेश श्रीवास्तव, संजय पाण्डेय, राखी बाजपेयी, गोपाल रैकवार, आनंद रैकवार आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



(कबीर जयंती पर साहित्य सहोदर का आयोजन)

## निगमीकरण के बाद अपरेंटिसों के भर्ती के संकेत

**जबलपुर यशभारत।** निगमीकरण के बाद आयुध फैक्ट्रियों मे ट्रेड अपरेंटिस करनेवाले युवाओं के लिए जल्द ही भर्ती प्रक्रिया शुरू की जायेगी।इस बात के संकेत आयुध निर्माणी बोर्ड द्वारा23जून को जारी पत्र से मिल रहे हैं।सभी आयुध फैक्ट्रियों के महाप्रबंधकों को जारी पत्र में कहा गया है कि अपरेंटिस पास युवाओं को अर्धकुशल कर्मचारियों के रूप में भर्ती के लिए आयोजित परीक्षा में बोनस के रूप में5अंक दिये जाएंगे। बोर्ड ने इसके साथी ही निर्माणियों के महाप्रबंधकों से कहा है कि सन2016से2020 तक उनकी निर्माणियों से अपरेंटिस करने वालों की सम्पूर्ण जानकारी मांगी है।उल्लेखनीय है कि वर्तमान में आयुध निर्माणियों मे कर्मचारी संख्या बल की बहुत कमी है।दो दशक पूर्व आयुध निर्माणियों मे सवा लाख से डेढ़ लाख कर्मचारी हुआ करते थे।लेकिन सेवानिवृत्ति और मृत कर्मचारियों के चलते कर्मचारी संख्या बल मे भारी कमी आ गई है।स्वीकृत संख्या बल के लिए कर्मचारी संगठनों द्वारा लगातार मांग की जा रही थी।लेकिन लेकिन लंबे समय से कर्मचारियों की भर्ती नहीं हुई है।संभवत: निगमीकरण के चलते इसे रोक दिया गया था।लेकिन सरकारी कर्मचारियों की सेवा शर्तों के मामले को देखते हुए भर्ती नहीं हुई।चूंकि निगम की सेवाशर्तें अलग होती है।इसीलिए अब भर्ती शुरू की जा सकती है।हालांकि नई तकनीकों और सी एन सी मशीनों के लगने के बाद उतने कर्मचारी नहीं लगेंगे साथ ही सरकार का लक्ष्य उत्पादन लागत में कमी लाना है।लिहाजा पूर्व तरह बड़ी संख्या में ट्रेडमेनो की भर्ती नहीं होगी।लेकिन भर्तियां होंगी।जिससे आयुध फैक्ट्रियों मे एक बार फिर चहल पहल दिख सकती है।सरकार ने चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की भर्ती पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा रखा है।सरकार इसकी आपूर्ति ठेका प्रथा के माध्यम से जारी रखे हैं।कुल

***आयुध निर्माणी बोर्ड ने 2016 से 2020 की जानकारी मांगी**
***अपरेंटिसों को भर्ती में दिये जायेंगेबोनस मे5अंक अतिरिक्त**

### वैक्सीनेशन अभियान

# जबलपुर में 10 लाख लोगों को लग चुकी है वैक्सीन

**जबलपुर, यशभारत। विश्व योग दिवस से जिले में शुरु हुये कोरोना वैक्सीनेशन महाअभियानके तहत जबलपुर में लगातार बेहतर काम किया जा रहा है। कलेक्टर कर्मवीर शर्मा के प्रयासों से आज तक 10 लाख लोगों को वैक्सीन लग चुकी है।**

मालूम हो कि वैक्सीनेशन में मध्यप्रदेश का नाम वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज हो चुका है। जबकि मध्यप्रदेश के 52 जिलों में से जबलपुर का स्थान दूसरा है। इस उपलब्धि पर कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने अपने अधिनस्थ स्टाफ को बधाई दी है। कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने शहर और ग्रामीणजनों से अपील की है कि वैक्सीनेशन अभियान में सभी ब?-चढ़कर हिस्सा लें। कलेक्टर ने कहा कि कोरोना संक्रमित को खात्मा करना है तो वैक्सीनेशन जरूरी है इसलिए सभी वैक्सीन लगवाएं।



**कलेक्टर के दिशा-निर्देश पर लगातार बेहतर काम**

### गुरुवार को भी लगाये गये लक्ष्य से अधिक कोरोना के टीके

कलेक्टर कर्मवीर शर्मा के निर्देशन में बनाई गई बेहतर रणनीति, लोगों में आई जागरूकता तथा जनप्रतिनिधियों और समाज के सभी वर्गों से मिल रहे सक्रिय सहयोग के फलस्वरूप जबलपुर जिले में सोमवार और बुधवार की तरह तीसरे दिन गुरुवार को भी लक्ष्य से अधिक कोरोना के टीके लगाये गए। नियमित टीकाकरण का दिन निर्धारित होने के कारण मंगलवार को टीकाकरण महा अभियान के तहत जिले में कोरोना के टीके नहीं लगाये गये थे। गुरुवार को केवल जबलपुर शहर में ही कोरोना के टीके लगाने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया था। इसके लिए शहर में 109 टीकाकरण सेंटर स्थापित किये गये थे और 20 हजार टीके लगाने का लक्ष्य तय किया गया था। इसके विरूद्ध शाम 7 बजे तक कोरोना के 26 हजार 662 टीके लगाये जा चुके थे।

### आज नहीं लगेंगे कोरोना के टीके

कोरोना वैक्सीनेशन महाअभियान के तहत शुक्रवार को जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में कोरोना टीकाकरण का कार्य नहीं होगा। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एस.एस. दाहिया के अनुसार नियमित टीकाकरण का दिन निर्धारित होने की वजह से शुक्रवार को जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना के टीके नहीं लगाये जायेंगे।



## ओरिएंटल कॉलेज जबलपुर में वृहद वृक्षा रोपण कार्यक्रम का आरंभ

**जबलपुर।** ओरिएण्टल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स , जबलपुर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था निदेशक इंजी. तरुण कुमार आनंद एवं प्राचार्या डॉ. मुक्ता भटेले के मार्गदर्शन में हुआ।इस अवसर पर इंजी. तरुण कुमार आनंद ने वृक्ष के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऑक्सीजन लेने और कार्बन डाइऑक्साइड को छोड़ने के अलावा पेड़ पर्यावरण से अन्य हानिकारक गैसों को अवशोषित करते हैं जिससे वायु शुद्ध और ताज़ी बनती है। जितने हरे-भरे पेड़ होंगे उतना अधिक ऑक्सीजन का उत्पादन होगा और अधिक विषैली गैसों को यह अवशोषित करेंगे। प्रदूषण का स्तर इन दिनों बहुत अधिक बढ़ रहा है और अभी हाल ही में कोरोनाकाल में हम सभी ने इसकी आवश्यकता महसूस की है।कार्यक्रम में ओरिएण्टल ग्रुप ऑ? इंस्टीट्यूटस,जबलपुर की ओर से संस्था निदेशक इंजी. तरुण कुमार आनंद, प्रो. अनुपम राव ,प्रो. मिलन चौबे, प्रो. धीरज तिवारी, डॉ. प्रफुल्ल श्रीवास्तव ,प्रो. अखिल मुले,प्रो. पी. सी.अग्रवाल, प्रो. प्रवीण विश्वकर्मा,प्रो. रामेंद्र यादव प्रो. मयंक विश्वकर्मा, प्रो. रवि गुप्ता , प्रो. लक्ष्मण गुलाटी,प्रो. विवेक हरदा, प्रो. नितिन श्रीवास्तव ,प्रो. पुष्पा मिश्रा, प्रो.श्रद्धा राव, प्रशांत मिश्रा आदि शिक्षकों ने पौधारोपण किया एवं कार्यक्रम में उपस्थित रहे कार्यक्रम को सफल बनाने में ओरिएंटल ग्रुप जबलपुर के श्री राजकुमार साहू एवं समस्त कर्मचारियों का योगदान रहा।वृक्षारोपण का यह कार्यक्रम पूरे एक सप्ताह आगामी 2 जुलाई तक जारी रहेगा जिसमें सभी की सहभागिता से 200 पौधे लगाए जाएंगे।

## जिला न्यायालय परिसर में रक्तदान शिविर कल

जबलपुर । कार्यपालक अध्यक्ष म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 26 जून को रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया जा रहा है। इसी तारतम्य में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय परिसर में रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। श्री मुहम्मद जीलानी, विधिक सहायता अधिकारी ने जानकारी देते हुये बताया कि शिविर में अधिक से अधिक व्यक्तियों द्वारा रक्तदान किये जाने हेतु प्रेरित करने के लिये आज गुरूवार को गिरीबाला सिंह, सदस्य सचिव म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मोबाइल वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। जिसमें पैरालीगल वालेंटियर्स की एक टीम ने जबलपुर जिले के विभिन्न गंतव्य स्थलो पर जाकर रक्तदान करने के विभिन्न लाभो के बारे में बताया। उन्होंने लोगो को जागरूक किया की रक्तदान करने से खून का थक्का नहीं जमता, जिससे हार्ट अटैक की सम्भावना बहुत कम हो जाती है। प्रत्येक तीन माह पश्चात् रक्तदान किया जा सकता है। शरीर में उर्जा का संचार होता है। नयी रक्त कोशिकाओं के निर्माण से शरीर स्वस्थ्य रहता है। लीवर से जुडी बीमारियां एवं कैंसर की संभावना कम होती है। शरीर में आयरन की मात्रा संतुलित होती है। टीकाकरण के 14 दिन बाद से रक्तदान किया जा सकता है। 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर अधिकतम 65 वर्ष की आयु के व्यक्ति यदि स्वस्थ्य है, तो वे रक्तदान कर सकते है। रक्त दाताओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किये जायेंगे।

# 6 महीने में दूसरी बार बिजली के दाम बढ़ाने की तैयारी

## जुलाई से बिजली 8.32 फीसदी महंगी होने के आसार

**जबलपुर।** एक बार फिर से बिजली के दामों में बढ़ोत्तरी की तैयारी की जा रही हे। छह माह के अंतराल में दूसरी बार उपभोक्ताओं पर बोझ पड़ेगा। पहली बार जनवरी में बढ़ोत्तरी की गई थी अब जुलाई में करने की तैयारी है। दूसरे ओर संगठन भी इसके विरोध में लामबंद होने लगे हैं। सड़क पर आंदोलन से लेकर ट्रिब्यूनल में जाने की तैयारी है। जानकारों का कहना है कि जुलाई से बिजली 8.32 फीसदी महंगी होने के आसार है। घरेलू बिजली के 200 यूनिट के बिल में 145 और 300 यूनिट के बिल में 296 रूपए बढ़कर आ सकते हैं। हाईकोर्ट की ओर से दिए गए आदेश के बाद राज्य विद्युत नियामक आयोग नया टेरिफ लागू करने की तैयारी कर रहा है। जनवरी में बिजली दरों में 1.98 फीसदी की बढ़ोत्तरी हो चुकी है।



### 2629 करोड़ का घाटा दर्शाया

एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी ने फरवरी में विद्युत नियामक आयोग के सामने वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए घरेलू बिजली दरें 8.32 फीसदी बढ़ाने का प्रस्ताव रखा था। कंपनी ने वार्षिक राजस्व यानी एआरआर में 2629 करोड़ रुपए का घाटा दर्शाया है। इसकी भरपाई के लिए दरों में बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव रखा गया था। अभी 200 यूनिट खपत का वास्तविक बिल सभी चार्ज मिलाकर 1774 रुपए बन रहा है। इसमें 8.32 प्रतिशत बढ़ोत्तरी होगी तो यह करीब 1919 रुपए का होगा।

### ट्रिब्यूनल में देंगे चुनौती

नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के प्रांताध्यक्ष डॉ. पीजी नाजपांडे कहते हैं कि नियामक आयोग सरकार की कठपुतली है। नियामक आयोग का जो आदेश होगा उसे हम सेंट्रल इलेक्ट्रीसिटी ट्रिब्यूनल में चुनौती देंगे। कांग्रेस नेता एवं प्रदेश सचिव सौरभ नाटी शर्मा कहते है कि पहले से ही बिजली के दाम बढ़े हुए है। दाम बढ़ते हैं, इसका हर स्तर पर विरोध किया जाएगा।

**तीसरी लाइन जोड़ने का होना है काम, नॉन इंटरलॉकिंग के चलते 5 ट्रेनों के रूट में परिवर्तन; एक रद्द**

## कटनी-बीना ट्रैक पर 5 दिन ट्रेनें रहेंगी बंद



**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल (पमरे) जबलपुर मंडल के कटनी-बीना रेलखंड पर मालखेड़ी-खुरई स्टेशन के बीच तीसरी लाइन को जोड़ने का काम शुरू होना है। मालखेड़ी स्टेशन पर नॉन इंटर लॉकिंग कार्य किए जाने है। इस कारण इस रूट से होकर चलने वाली एक गाड़ी को निरस्त किया गया है। एक गाड़ी को आंशिक निरस्त एवं 5 ट्रेनों को बदले हुए रूट से चलाने का निर्णय रेलवे ने लिया है। पमरे के मुताबिक 25 से 29 जून तक इस रूट पर काम होना है। इसके चलते इस रूट से संचालित कई ट्रेनों को बदले हुए जबलपुर रूट से चलाने का निर्णय लिया गया है। कटनी-बीना-कटनी को आशंकि रूप से निरस्त रहेंगे।

## खमरिया के धरने से जुड़े क्षेत्रीय कार्यकर्ता

### कहा यह शहर की अस्मिता का सवाल है पूरा शहर जुड़े

**जबलपुर यशभारत।** खमरिया में चल रहे क्रमिक धरने में सातवें दिन स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओ ने धरना स्थल पर आकर आंदोलन को मजबूती प्रदान की । इसी क्रम कांग्रेस नेता शिव यादव ने धरना स्थल पर उपस्थिति देकर कहा कि यह शहर की अस्मिता का सवाल है। इस आंदोलन में उपनगरीय क्षेत्र रांझी के समस्त स्थानीय लोगों की भागीदारी होगी एवं आपके हर कदम पर हम आपके साथ है। शहरवासियों से अपील की गई कि वे भी इससे जुड़े।

क्रमिक धरने में बैठे अनिल गुप्ता, लालबहादुर राय, राकेश शर्मा के स्थान पर हृदेश यादव, अनिकेत एवं शिवकृष्णा को नेता राजेंद्र चडारिया,आनंद शर्मा,शरद अलवाल ने तिलक एवं माला पहनाकर धरने पर बैठाया । सभा में ओ.एफ.के.लेबर यूनियन, सुरक्षा कर्मचारी यूनियन (इंटक) एवं कामगार यूनियन के अरूण दुबे, रामप्रवेश, राकेश शर्मा,राजेन्द्र चढ़ारिया, अर्नब दासगुप्ता, रूपेश पाठक,आनंद शर्मा, अनुपम भौमिक,राकेश रंजन,धर्मेंद्र रजक ,कृष्णा शर्मा ,सीमेन्द रजक,अरुण मिश्रा, सतीन शर्मा, हृदेश यादव,जीजो जैकब,गौतम शर्मा, संतोष सिंह मुकेश विनोदिया, विक्रम सिंह आदि उपस्थित थे।

धरने को समर्थन देने हेतु आर्मी हेड क्वार्टर जे सी एम द्वुद्वु के तीन सदस्य अनिल शर्मा त्रिभुवन और मोहनलाल उपस्थित होकर धरने में बैठे।



क्रमिक धरने में जुड़े स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता

## प्रभारी संचालक का तुगलकी आदेश

**बिना कम्प्यूटर लैब दिखाये/ पढ़ाये आज ही कर रहे वॉयबा के लिए मजबूर**

**जबलपुर ।** मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने बताया कि राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान एस.आई.एस.सी जबलपुर की प्रभारी संचालक श्रीमती कामायनी कश्यप एवं परीक्षा प्रभारी पी.डी.मिश्रा द्वारा तुगलकी आदेश जारी कर संस्थान में अध्ययनरत छात्राध्यापकों को दुविधा में डाल दिया गया है, प्रशिक्षाणर्थी यह नहीं समझ पा रहे हैं कि उन्हें बी.एड की परीक्षा देना है या वॉयबा में सम्मिलित होना है। उल्लेखनीय है कि संस्थान अंतर्गत स्थापित कम्पयूटर लैब विगत दो वर्षों से नहीं खुली है प्रशिक्षाणार्थीयों को कम्प्यूटर के दर्शन तक नहीं कराये गये हैं फिर उन्हें बी.एड सांईस के नाम पर कम्प्यूटर से संबंधित वॉयबा देने हेतु वाध्य किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर रानीदुर्गावती विश्वविद्यालय द्वारा बी.एड परीक्षा चतुर्थ सेमेस्टर अंतिम वर्ष की जारी समय सारणी के अनुसार 25 जून 21 से 30 जून 2021 की मध्य ओपन बुक परीक्षायें होनी हैं, जिसके प्रश्न पत्र 25 जून 2021 को ही ऑन लाईन अपलोड कर दिये जावें, जिसे छात्राध्यापकों द्वारा 30 जून 21 से 02 जुलाई 21 के मध्य महाविद्यालय में जमा किया जाना है। संस्थान द्वारा वॉयबा 25 जून के पूर्व भी लिया जा सकता था अथवा परीक्षा उपरांत भी लिया जा सकता है। किन्तु संचालक द्वारा परीक्षा तिथियों के बीच की वॉयबा लिये जाने का तुगलकी फरमान जारी कर दिया गया है। ससंचालक के विरोधाभाषी फरमान से छात्राध्यापकों में असमंजस एवं भारी असंतोष व्याप्त है।संघ के योगेन्द्र दुबे, अर्वेन्द्र राजपूत, अवधेशतिवारी, नरेन्द्र दुबे, अटल उपाध्याय, मुकेश सिंह आलोक अग्निहोत्र, दुर्गेश पाण्डे, मुन्नालाल पटैल, राजेश चतुर्वेदी, मनोज खन्ना, अजय सिंह ठाकुर, तरूण पंचौली, मनीष चौबे, नितिन अग्रवाल, गगन चौबे, प्रणव साह, श्याम नारायण तिवारी, धीरेन्द्र सोनी. मो0 तारिख, राकेश दुबे, गणेश उपाध्याय, महेश कोरी, नितिन शर्मा, संतोष तिवारी, प्रियांश शुक्ला, विनय नामदेव, आन्नद रैकवार, किशोर दुबे, आदित्य दीक्षित,

## समग्र आईडी और आधार कार्ड बनवाने का सरलीकरण किया जाए

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति बताया कि शासकीय शालाओं में पड़ने वाले बच्चों के एडमीशन में समग्र आईडी और आधार कार्ड एक बहुत बड़ी समस्या बनते जा रहा है क्योंकि प्राथमिक शालाओं में कक्षा 1 से 5 तक ज्यादा एडमीषन होते हैं परंतु एडमीषन हेतु समग्र आईडी, आधार कार्ड एवं बैंक खातों का होना आवष्यक है परंतु पालकों के पास बच्चों की न तो समग्र आईडी होती है न ही आधार कार्ड ऐसे में यदि षिक्षक उनका दाखिला स्कूलों में कर लेते है तो बाद में पालाकों द्वारा समस्त दस्तावेज जमा करने में आना कानी की जाती है जिससे षिक्षकों को उन बच्चों के मैपिंग और रजिस्ट्रेषन कराने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है फ्ल स्वरूप पोर्टल में बच्चों की सही जानकारी फीड नहीं हो पाती और बच्चे भी सरकार की सभी योजनाओं का लाभ पाने से वंचित रह जाते हैं। संघ ने आगे बताया कि राज्य षिक्षा केन्द्र द्वारा षिक्षकों को टारगेट दिया गया है कि एक षिक्षक को कम से कम 10 बच्चों का एडमीषन कराना है जिसके लिए षिक्षक डोर टू डोर जा कर प्रयासरत है परंतु सबसे बड़ी समस्या एडमीषन हेतु समस्त दस्तावेजो की आ रही है पालकों के पास समग्र आईडी, बैंक खाता नंबर और आधार नंबर की जान कारी नहीं है और जो पालक नगर निगम जोन कार्यालयों में समग्र आईडी बनवाने जाते है वहां पर उन्हें विभिन्न प्रकार की जानकारियां मांगी जाती है जिसे गरीब पालक देने में असमर्थ होते हैं न ही उनके पास पैसे देने के लिए होते है फ्लस्वरूप वे समग्र आईडी बनवाने में असफ्ल रहते है ऐसी ही समस्याओं का सामना उन्हे बैंक खाते और आधार कार्ड के बनवाने के लिए करना पड़ता है।संघ ने आगे बताया कि इन सभी समस्याओं का निदान समस्त दस्तावेजों को बनवाने हेतु इनका सरलीकरण किया जाना चाहिए अथार्त संकुल स्तर पर स्कूलों में सिविर लगाकर इन समस्याओं का निराकरण किया जा सकता है क्योंकि यदि संकुल स्तर पर स्कूलों में षिविर लगेगा तो बच्चों के पालकों के साथ ही षिक्षक भी षिविर में जा कर बच्चों के समग्र आईडी, आधार कार्ड एवं बैंक खातों को आसानी से बनवा सकते है जिससे स्कूलों के दाखिले के साथ साथ मैपिंग और रजिस्ट्रेषन में आसानी होगी साथ ही बच्चों को वे सभी लाभ मिलने में आसानी होगी जो उन्हे शासन की योजनाओं के अर्न्तगत दिये जाते है। संघ के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, हेमंत ठाकरे, स्टेनली नॉबर्ट, राकेश श्रीवास, एनोस विक्टर, चन्द्रभान शिल्पकार, अजय रजक, शहीर मुमताज़, कैलाष शर्मा, शकील अंसारी, दिनेश गौंड़, संतोष श्रीवास्तव, आदि ने कलेक्टर कर्मवीर शर्मा से मांग की है कि समग्र आईडी, आधार कार्ड एवं बैंक खातों के लिए संकुल स्तर पर षिविर लगाकर समस्त दस्तावेजों के लिए सरलीकरण किया जाए।

**समग्र आईडी, आधार कार्ड और बैंक खातों हेतु शिविर लगाया जाए**

## जस्टिस श्री श्रीवास्तव ने किया नेशनल लोक अदालत के आयोजन की तैयारियों की ऑनलाईन समीक्षा

**जबलपुर ।** उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति एवं मुख्य संरक्षक मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायमूर्ति श्री मोहम्मद रफीक के मार्गदर्शन में न्यायमूर्ति श्री प्रकाश श्रीवास्तव प्रशासनिक न्यायाधिपति एवं कार्यपालक अध्यक्ष राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने आज गुरुवार को राज्य शासन के समस्त विभागों से नेशनल लोक अदालत के आयोजन की तैयारियों की ऑनलाईन समीक्षा किया।लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु विस्तृत चर्चा की गई एवं सुझावों को भी आमंत्रित किया गया। बैठक में अपर मुख्य सचिव गृह विभाग, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य विभाग, प्रमुख सचिव वित्त विभाग, अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन विभाग, संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग, सचिव विधि और विधायी कार्य विभाग, प्रमुख सचिव ऊर्जा विभाग, प्रमुख सचिव श्रम विभाग, अपर मुख्य सचिव परिवहन विभाग, प्रमुख सचिव सहकारी विभाग, प्रमुख सचिव नगरीय विकास विभाग, अपर मुख्य सचिव पंचायत ग्रामीण विकास विभाग, महानिदेशक जेल विभाग और निदेशक लोक अभियोजन के अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यपालक अध्यक्ष द्वारा बैठक में आगामी नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन तथा अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार आगामी नेशनल लोक अदालत का आयोजन 10 जुलाई को किया जाना हैं। जिसमें सभी प्रकार के राजीनामा योग्य दीवानी एवं आपराधिक मामलों सहित प्रीलिटिगेशन (मुकदमा पूर्व) के अंतर्गत, बैंक रिकवरी संबंधी मामले, श्रम विवाद संबंधी मामले, विद्युत एवं जल कर, बिल संबंधी (सिर्फ शमनीय प्रकरण) इत्यादि मामलें रखे जायेगे। जिनमें पक्षकारगण सौहार्दपूर्ण वातावरण में आपसी सुलह एवं सहमति से प्रकरणों का निराकरण कराने हेतु प्रयास कर सकेगें। यह नेशनल लोक अदालत उच्च न्यायालय स्तर से लेकर जिला न्यायालयों, तालुका न्यायालयों, श्रम न्यायालयों, कुटुम्ब न्यायालयों में आयोजन की जायेगी।

## प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने,पुरस्कृत करने नये नियम

**जबलपुर।** प्रदेश के प्रतिभावान खिलाडियों को प्रोत्साहन देने और उन्हें पुरस्कृत करने के उद्देश्य से खेल और युवा कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया की पहल पर राज्य शासन द्वारा नवीन पुरस्कार नियम, 2021 को मंजूरी प्रदान कर दी गई है। इसका मध्य प्रदेश राजपत्र में प्रकाशन भी कर दिया गया है।

संचालक खेल और युवा कल्याण पवन जैन ने बताया कि वर्ष 2021 के खेल पुरस्कारों ( एकलव्य पुरस्कार, विक्रम पुरस्कार, विश्वामित्र पुरस्कार, लाइफ टाईम एचीव्हमेंट एवं स्व. प्रभाष जोशी खेल पुरस्कार) के लिए खेल विभाग द्वारा ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2021 निर्धारित की गई है। नवीन पुरस्कार नियम के अनुसार विगत 5 वर्षों में अर्जित खेल उपलब्धियों के आधार पर खेल पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इस वर्ष विक्रम एवं एकलव्य पुरस्कार के लिए साहसिक खेल (समुद्र, जमीन एवं वायु आधारित) को भी शामिल किया गया है, जिसमें एक एक विक्रम और एकलव्य पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। अब 10 के स्थान पर 12 विक्रम पुरस्कार दिए जाएंगे।



### पुरस्कार राशि में बढ़ोतरी

वर्ष 2021 के खेल पुरस्कारों में खिलाड़ियों को मिलने वाली पुरस्कार राशि में बढ़ोतरी करते हुए इसे अब दोगुना कर दिया गया है खेल और युवा कल्याण मंत्री मान. यशोधरा राजे सिंधिया की पहल पर अब एकलव्य पुरस्कार के लिए एक लाख रूपये तथा विक्रम, विश्वामित्र, स्व. श्री प्रभाष जोशी खेल पुरस्कार तथा लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार (प्रत्येक) के लिए दो लाख रूपये प्रदान किए जाएंगे। पूर्व में एकलव्य के लिए 50 हजार तथा शेष पुरस्कारों के लिए एक लाख रूपये की राशि सम्मान स्वरूप प्रदान की जाती थी।

### ऐसे करें आवेदन

वर्ष 2021 की खेल पुरस्कार संबंधी पात्रता एवं आवश्यक जानकारी खेल विभाग की वेबसाइट www.dsywmp.gov.in पर उपलब्ध है। आवेदक वेबसाइट पर ही ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन उपरांत आवेदन की प्रति जिस पर पंजीयन क्रमांक अंकित हो के साथ खेल प्रमाण पत्र एवं अन्य अभिलेखों की छाया प्रति संबंधित जिले के जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी के कार्यालय अथवा संचालनालय खेल और युवा कल्याण टीटी नगर स्टेडियम भोपाल में 31 जुलाई तक जमा करना अनिवार्य होगा निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन मान्य नहीं किए जाएंगे।

## शमनीय प्रकरणों की सुनवाई 10 जुलाई की लोक अदालत में

**जबलपुर।** नेशनल लोक अदालत का आयोजन शनिवार 10 जुलाई को किया जायेगा। इसलिये महाधिवक्ता कार्यालय द्वारा राज्य शासन के विभागों से संबंधित शमनीय प्रकरणों को निराकरण हेतु नेशनल लोक अदालत में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। जबलपुर के सहायक आयुक्त लिटिगेशन एवं समन्वय ने सभी नोडल अधिकारियों, समन्वय अधिकारियों सहित जबलपुर के कार्यक्षेत्र में शामिल सभी 29 जिलों के कलेक्टर्स को पत्र भेजकर आग्रह किया है कि ऐसे प्रकरणों की सूची 28 जून तक प्रिंसिपल रजिस्ट्रार उच्च न्यायालय एवं महाधिवक्ता कार्यालय की ई-मेल आइ. डी. sectionwp@gmail.com पर भिजवायें।


**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार तहसील आधारताल जबलपुर**

रा.प.क्र./01/अ-6/2021-2022
जबलपुर, दिनांक 24/6/21

**आम इश्तहार**

न्यायालय अपर कलेक्टर शहर जबलपुर से प्राप्त प्रक्र 3/अ-20/2021 के माध्यम से ग्राम माढ़ोताल स्थित शासकीय भूमि खसरा 433 रकवा 1.740 हे. भूमि थाना माढ़ोताल जबलपुर को निर्माण हेतु आवंटन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अत: आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम करमेता स्थित भूमि खसरा नंबर 433 रकवा 0.740 हेक्टेयर भूमि थाना माढ़ोताल जबलपुर निर्माण हेतु इस न्यायालय में दिनांक 1.7.2021 को सुनवाई हेतु नियत है। जिस किसी व्यकित/संस्था को भूमि आवंटन किये जाने आपत्ति हेतु सुनवाई दिनांक को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज कर सकता है। समयावधि पश्चात आपत्ति का निराकरण स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

अतिरिक्त तहसीलदार
अधारताल जबलपुर

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर**

रा.प्र.क्र./2346/अ-6/2020-2021
जबलपुर, दिनांकः 15/6/21

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री प्रशान्त गुप्ता पिता तुलसीदास गुप्ता, निवासी- 808, J.D.A. कॉम्पलेक्स के पीछे, शान्तिनगर, दमोहनाका, जबलपुर के द्वारा मौजा करमेता, ब्लॉक नंबर..., प्लॉट नंबर.... स्थित भूमि खसरा नंबर 484/11, 484 में से रकवा 5000 वर्गफुट भूमि जो आवेदक के ताउ द्वारा विक्रेता द्रोपदी बाई अग्रवाल पति लक्ष्मीनारायण अग्रवाल से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 19/4/2011 से क्रय किया जाना लेख किया है के नामांतरण एवं बटांकन हेतु आवेदनपत्र प्रस्तुत किया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 30/6/21 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक- 15/6/21
पेशी दिनांक- 30/6/21

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, अधारताल, जबलपुर

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर**

रा.प्र.क्र./2347/अ-6/2020-2021
जबलपुर, दिनांकः 15/6/21

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री प्रशान्त गुप्ता (मरेले) पिता तुलसीदास गुप्ता, निवासी- 808, J.D.A. कॉम्पलेक्स के पीछे, शान्तिनगर, दमोहनाका, जबलपुर के द्वारा मौजा करमेता, ब्लॉक नंबर..., प्लॉट नंबर.... स्थित भूमि खसरा नंबर 484/16, 484 में से रकवा 7600 वर्गफुट भूमि जो आवेदक के ताउ द्वारा विक्रेता बृजेश अग्रवाल व अभिषेक अग्रवाल पिता लक्ष्मीनारायण अग्रवाल से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 25/4/2011 से क्रय किया जाना लेख किया है के नामांतरण एवं बटांकन हेतु आवेदनपत्र प्रस्तुत किया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 30/6/21 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक- 15/6/21
पेशी दिनांक- 30/6/21

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, अधारताल, जबलपुर

# दसवीं व बारहवीं की परीक्षाएं रद्द होने से माशिमं को हुई 160 करोड़ की बचत

**भोपाल।** कोरोना संक्रमण के प्रकोप के कारण माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिम) की दसवीं व बारहवीं की परीक्षा रद कर दी गई है। अब दसवीं के विद्यार्थियों के रिजल्ट तैयार करने की तैयारी चल रही है, लेकिन अब तक बारहवीं के रिजल्ट के लिए फार्मूला तय नहीं हो पाया है। वहीं, दसवीं व बारहवीं की परीक्षा रद होने से माशिमं को इस साल करीब 160 करोड़ रुपये की बचत हुई है। दरअसल, दसवीं व बारहवीं की परीक्षा के फार्म भरने में हरेक विद्यार्थी से लगभग 925 रुपये शुल्क लिया गया है। इस साल दसवीं में करीब साढ़े 10 लाख और बारहवीं में करीब साढ़े सात लाख विद्यार्थी शामिल होने वाले थे। इससे करीब 18 लाख विद्यार्थियों से माशिमं को 180 करोड़ रुपये सिर्फ परीक्षा फार्म सामान्य शुल्क के साथ भरने से आमदनी हुई है। अगर माशिमं ने प्रश्नपत्र व उत्तरपुस्तिकाओं को तैयार करने में करीब 20 करोड़ रुपये भी खर्च कर दिए तो फिर भी माशिमं को 160 करोड़ र्स्पये की बचत होगी। इसके अलावा करीब एक लाख विद्यार्थियों से दो हजार और पांच हजार र्स्पये तक लेट फीस लेकर भी परीक्षा फार्म भरवाए गए थे। प्रायवेट स्कूल एसोसिएशन ने माशिमं को पत्र लिखकर विद्यार्थियों को परीक्षा शुल्क लौटाने की मांग की है। करीब 20 करोड़ रुपये हुए खर्च = माशिमं के अधिकारियों का कहना है कि दसवीं की परीक्षा की पूरी तैयारी कर ली गई थी। दसवीं व बारहवीं के प्रश्नपत्र तैयार करने में करीब तीन करोड़ रुपये, कॉपियों को तैयार करने में करीब दस करोड़, ओएमआर शीट में दो करोड़ और प्रैक्टिकल में करीब पांच करोड़ रुपये खर्च हुए। इसके अलावा करीब एक लाख विद्यार्थियों से लेट फीस लेकर भी



परीक्षा फार्म भरवाया गया। माशिमं ने परीक्षा की पूरी तैयारी कर ली थी। प्रश्नपत्र व कॉपियां तैयार करने से लेकर सबकुछ तैयारी हो चुकी थी। बस मूल्यांकन कार्य बाकी था, तो 80 फीसद फीस की राशि खर्च हो चुकी है। ऐसे में विद्यार्थियों को परीक्षा शुल्क लौटाना संभव नहीं है।

**– इंदर सिंह परमार, स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री**

माशिमं ने करीब 18 लाख बच्चों से परीक्षा फार्म भरवाया। अब परीक्षा नहीं हुई तो माशिमं को बच्चों की फीस लौटानी चाहिए। करीब एक लाख विद्यार्थियों ने विलंब शुल्क देकर भी फार्म भरे हैं। ऐसे में माशिमं को करोड़ों की आमदनी हुई है।

**– अजीत सिंह, अध्यक्ष, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन**

# दूध, लस्सी, जूस के वेस्ट पैकेट से बनेंगी बच्चों की कॉपी-किताबें

### यह होगा फायदा

कागज निर्माण में कम से कम पेड़ों की कटाई व कचरे से होने वाले प्रदूषण से वातावरण को मुक्त रखने के लिए पेय पदार्थों के खाली पैकेट को रीसाइकल कर कापी, किताब, टेबिल, चेयर आदि उपयोग वस्तुएं बनाई जाएंगी। इसके लिए नगर निगम ने निजी कंपनी द कबाड़ी वाला के साथ मिलकर यह अभियान शुरू किया है। इस अभियान से जुड़ने के लिए नागरिक 7697260260 पर संपर्क भी कर सकते हैं।



**भोपाल।** भोपाल नगर निगम द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत कई तरह के नवाचार किए जा रहे हैं। इन नवाचारों के क्रम में अब निगम कचरे में फेंके जाने वाले टेट्रा पैकेट (मोटे कागज के पैकेट) से कापियां बनवाने की तैयारी कर रहा है। आमतौर पर दूध, लस्सी और जूस के जो टेट्रा पैक आमलोग कचरे में फेंक देते हैं उन्हें कचरे से छंटवाकर अब निगम उससे कापियां बनवाएगा। शहर में हर दिन दो टन तक कचरा निकलता है। इसमें से टेट्रा पैक अब तक कचरे के साथ ही खंती तक पहुंचता था लेकिन यह एक विशेष तरह की पैकिंग होती है जिसे रीसाइकल कर कई उपयोगी चीजें बनाई जा सकती हैं, जिनमें कागज भी शामिल है। नगर निगम ने दावा किया है कि मप्र में पहली बार इस तरह का प्रयोग हो रहा है। दिल्ली, मुंबई जैसे महानगरों में पहले से इस तरह की पहल हो रही है। पर्यावरण स्वच्छता की ओर यह एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इसके लिए निगम द्वारा शहर के प्रमुख बाजार, सार्वजनिक स्थान, पार्क, कॉलोनियों में इसके लिए अलग बॉक्स भी रखे जाएंगे।

नगर निगम द्वारा टेट्रा पैक कलेक्शन का कार्य शुरू कर दिया गया है। इसके लिए एक निजी संस्था के साथ करार किया गया है। शहर के 70 जगहों पर बॉक्स लगाकर इन्हें एकत्र किया जाएगा।

**–एमपी सिंह, अपर आयुक्त, नगर निगम भोपाल**



### 70 जगहों पर लगाए जा रहे हैं टेट्रा पैक कलेक्शन बॉक्स

इस अभियान के तहत शहर को ग्रीन और क्लीन बनाने की दिशा में टेट्रा पैक की तरह दिखने वाले ही बॉक्स लगाए जा रहे हैं। नगर निगम द्वारा निजी संस्थान की मदद से शहर में 70 जगहों पर यह बाक्स लगाए जा रहे हैं। एकत्र होने वाले पैकेट को देहरादून भेजा जाएगा। जहां इसे रीसाइक्ल किया जाएगा। निगम के पास अब तक तीन टन टेट्रा पैक एकित्रत हो चुके हैं। 10 टन एकित्रत होने के बाद इन्हें रीसाइकल के लिए भेजा जाएगा।

### पहले यह किया जा चुका है नवाचार

नगर निगम ने इससे पहले अनुपयोगी दवाओं के कलेक्शन के लिए बॉक्स लगाए थे। इस प्रयास को अच्छा जनसहयोग मिलने पर शहर के कई जरूरमंदों तक जमा की गईं दवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

– शहर के 80 से ज्यादा कालोनियों में घरों से निकलने वाली पुरानी कापी-किताबों को एकत्र करने का काम भी निगम द्वारा किया जा रहा है। जिन्हें रीसाइकल करवाकर नई कापियां तैयार करवाई जा रही हैं। जो जरूरमंदों को निश्शुल्क उपलब्ध करवाई जाएंगी।

# प्रतिबंध की अवधि में जंगल घूमना हो तो आएं मध्य प्रदेश, बारिश में भी सैर कराएगी सरकार

**भोपाल ।** बारिश में जंगल घूमने की इच्छा रखते हैं, तो मध्य प्रदेश आइए। यहां के प्रसिद्ध बांधवगढ़, कान्हा, पन्ना, संजय दुबरी एवं सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्र में पर्यटन चालू रहेगा। %बफर में सफर% योजना के तहत पार्क प्रबंधन पर्यटकों को बफर क्षेत्र में सैर कराएगा और पर्यटन विभाग पार्कों के नजदीक के होटलों में उन्हें विशेष सुविधाएं देगा। प्रदेश में पर्यटन बढ़ाने व कोरोना काल में हुए घाटे की भरपाई के लिए ऐसा किया जा रहा है। गौरतलब है कि प्रदेश में बारिश के तीन महीने (एक जुलाई से 30 सितंबर) तक पार्कों में पर्यटन बंद रखा जाता रहा है। ये समय वन्यप्राणियों का प्रजनन काल



भी कहलाता है। प्रदेश में बफर में सफर योजना 24 नवंबर 2020 से शुरू हुई है। इसके तहत उक्त प्रतिबंधि?त अवधि?में भी पर्यटकों को पार्कों की सैर कराई जाती है। हालांकि वे कोर क्षेत्र (मूलत- वन्यप्राणियों का रहवास क्षेत्र) में नहीं जा सकेंगे। बफर क्षेत्र (वन्य प्राणियों की न्यूनतम गतिविधि?यों वाला क्षेत्र) में भी वहीं तक जा सकेंगे, जहां तक कोई रुकावट (दलदल, नदी-नाले और रास्ता) न हो। यह भी बारिश एवं स्थानीय परिस्थितियों पर निर्भर करेगा। यदि ज्यादा बारिश होती है और नदी-नाले उफान पर आते हैं, तो पर्यटकों को सीमित क्षेत्र में ही सैर करवाई जा सकेगी। वे हाथी या जिप्सी में बैठकर ऊंचे-ऊंचे दरख्तों के बीच रिमझिम फुहार और उमड़ते-घुमड़ते मेघों का आनंद उठा सकेंगे। इस बीच उन्हें कुछ वन्यप्राणी भी दिखाई दे सकते हैं, जो कहीं और मुमकिन होना मुश्किल होगा।

### विशेष छूट दी जा सकती है

सूत्र बताते हैं कि इस अवधि? में पर्यटन विभाग इन पार्कों में आने वाले पर्यटकों को होटलों में रुकने पर विशेष छूट देने की तैयारी कर रहा है। विभाग जल्द ही इसकी घोषणा कर सकता है। सड़कें उखड़ने के कारण बंद किया जाता है पर्यटन बारिश में नदी-नाले उफान पर होने और झरनों के कारण मिट्टी का कटाव होता है। पार्कों में बनीं कच्ची सड़कें क्षतिग्रस्त हो जाती हैं इसलिए पार्कों की सैर आसान नहीं होती।

वहीं वन्यप्राणियों का यह प्रजनन काल होता है। इसलिए उन्हें शांत वातावरण देने की कोशिश के चलते हर साल तीन माह पार्कों में पर्यटन बंद रखा जाता है, पर बफर में पर्यटन कराने के नियम पहले से हैं। वन अधि?कारियों का कहना है कि आमतौर पर वन्यप्राणी कोर क्षेत्र में रहते हैं। इसलिए बफर क्षेत्र में पर्यटन चालू रखने में कोई दिक्कत नहीं है।

**– आलोक कुमार, मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक, मध्य प्रदेश**

# झारखंड से गुजरात तक बना ट्रफ शुरू हुआ प्रदेश में बारिश का सिलसिला



**भोपाल ।** झारखंड से मध्यप्रदेश होकर गुजरात तक एक द्रोणिका लाइन (पूर्व-पश्चिमी ट्रफ) बनने के कारण सुस्त बड़े मानसून की सक्रियता बढ़ गई है। इस वेदर सिस्टम के कारण अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से नमी मिलने का सिलसिला शुरू हो गया है। इससे प्रदेश के अधिकांश जिलों में गरज-चमक के साथ रुक-रुक कर बौछारें पड़ रही हैं। उधर झारखंड पर बने ऊपरी हवा के चक्रवात के प्रभाव से पूर्वी मप्र में बरसात हो रही है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक दो-तीन दिन प्रदेश के अधिकांश जिलों में बारिश होने की संभावना है। उधर गुरुवार सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक सतना में 30, जबलपुर में 13, उमरिया में 11, दमोह में 7, मलाजखंड में 3, मंडला और खजुराहो में 1 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। गुना, उज्जैन में बूंदाबांदी हुई। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार को राजधानी का अधिकतम तापमान 34 डिग्रीसेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से एक डिग्रीसे.कम रहा। साथ ही यह बुधवार के अधिकतम तापमान (33.1 डिग्रीसे.) की तुलना में 0.9 डिग्रीसे. अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 22.6 डिग्रीसे. रिकार्ड किया गया। यह सामान्य से दो डिग्रीसे. कम रहा। यह बुधवार के न्यूनतम तापमान (24.9 डिग्रीसे.) के मुकाबले 2.3 डिग्रीसे. कम रहा। मौसम विज्ञानी पीके साहा ने बताया कि बुधवार को तेज बौछारें पड़ने के कारण न्यूनतम तापमान में गिरावट हुई है।

### चार सिस्टम सक्रिय, पड़ती रहेंगी बौछारें

मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि पूर्व-पश्चिमी ट्रफ मप्र से होकर गुजर रहा है। झारखंड पर एक ऊपरी हवा का चक्रवात बना हुआ है। इस चक्रवात से लेकर दक्षिणी छत्तीसगढ़ तक एक ट्रफ बना हुआ है। इसके अतिरिक्त पंजाब से बंगाल की खाड़ी तक भी एक ट्रफ बना हुआ है। इन चार वेदर सिस्टम के सक्रिय होने से मप्र के अधिकांश जिलों में बारिश हो रही है। शुक्ला के मुताबिक अभी दो-तीन दिन तक रुक-रुक कर बौछारें पड़ने का सिलसिला जारी रहने की संभावना है।



**भोपाल।** संत हिरदाराम नगर की सर्वाधिक आवाजाही वाले चंचल रोड से हटाए गए जिन व्यवसाइयों को पुराने बस स्टेंड के निकट बसाया गया था उन्हें दूसरी बाद बेदखल करने की तैयारी की जा रही है। व्यापारियों ने चिंता प्रकट की है। नगर निगम के जल कार्य

# शापिंग काम्पलेक्स बनते ही बस स्टेंड से बेदखल होंगे फुटकर व्यापारी

विभाग के दफ्तर को तोड़कर यहां भव्य शापिंग काम्पलेक्स बनाया जा रहा है। इसका नाम महाराणा प्रताप काम्पलेक्स रखा गया है। काम्पलेक्स के दायरे में आठ फुटकर व्यवसाइयों की दुकानें भी आ रही हैं। यह दुकानें सन 2018 में चंचल रोड पर थीं। सड़क चौड़ीकरण के दौरान उन्हें तोड़ दिया गया था। कांग्रेस शासनकाल में इन्हें जैन मंदिर के पास जगह दी गई थी। नगर निगम ने अब यहां शापिंग काम्पलेक्स बनाने की तैयारी की है। काम्पलेक्स बनते ही व्यापारियों को यहां हटा दिया जाएगा।

### कहां देंगे जगह तय नहीं, यही चिंता का कारण

व्यापारियों का कहना है कि उन्हें कभी गांधीनगर में जगह देने की बात कही जाती है तो कभी सीहोर नाके पर आवंटन की बात कही जाती है। व्यवसाई नंद किशोर डाबी का कहना है कि यह दोनों स्थान कारोबार के लिहाज से ठीक नहीं हैं। पुराने बस स्टेंड पर मुश्किल से कारोबार शुरू हुआ ही था कि अब हटाने की बात कही जा रही है। यहां पर अनिल बेलानी, जयराम चाय पत्ती वाला, बिल्लू मोबाइल वाला एवं नंदू भाई आदि की दुकानें हैं। व्यापारियों ने प्रस्तावित शापिंग काम्पलेक्स में ही जगह देने की मांग की है। डाबी का कहना है कि पुरानी सब्जी मंडी के पास स्थित मल्टीपार्किंग के पास भी जगह खाली है हमें वहां जगह दी जाए। सभी व्यापारी गरीब तबके के हैं।

# बीयू की परीक्षाओं के संबंध में हेल्पलाइन नंबर पर रोज आ रहे 100 से अधिक कॉल



**भोपाल।** राजधानी में स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) में पीजी के अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरु हो चुकी हैं। कोरोना संक्रमण के चलते ये परीक्षाएं ओपन बुक पैटर्न से आयोजित की जा रही है। परीक्षा में यूटीडी और कॉलेजों के करीब 25 हजार विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। उनकी परीक्षाएं लेने के लिए बीयू ने प्रश्?नपत्र वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। विद्यार्थी 25 जून तक कॉपियां लिखकर 26 जून तक परीक्षा केंद्रों पर जमा करेंगे। बीयू ने विद्यार्थियों की समस्याओं के संबंध में एक हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। यहां पर हर रोज करीब 100 से अधिक विद्यार्थियों के कॉल आ रहे हैं। इसमें विद्यार्थी पूछ रहे हैं कि उन्?होंने उत्?तरपुस्?तिकाएं लिख लीं, तो क्या वे अभी जमा कर सकते हैं या तय समय पर ही जमा करनी होंगी। साथ ही दूसरे जिले के रहने वाले विद्यार्थी स्पीड पोस्ट से कॉपी भेजने के संबंध में पूछ रहे हैं। बीयू ने पीजी परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों को कॉपियां लिखाने से लेकर जमा कराने तक छह दिन का समय दिया है। कॉपियां जमा करने की केंद्रों की सूची वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। विद्यार्थी वेबसाइट पर दिये गये केंद्रों पर अपनी कापियां जमा कर सकते हैं। ऐसा नहीं करने पर उनकी कापियां बीयू तक नहीं पहुंचेगी, जिसके कारण उनके रिजल्ट रोक दिए जाएंगे। वहीं बीबीए, बीकाम और बीकाम ऑनर्स के बीएससी होमसाइंस, बीसीए और बीएससी के परीक्षार्थी आज यानी 25 जून तक कॉपियां जमा कर सकते हैं। बाहरी विद्यार्थी डाक के माध्यम से बीयू में कॉपियां भेज सकते हैं। बीयू ने यूजी के अंतिम वर्ष और पीजी के अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा के लिए आठ जिलों में 357 कॉलेजों में कलेक्शन सेंटर बनाए हैं। लेकिन कई जगह तकनीकी दिक?कतों के चलते विद्यार्थियों को परीक्षाएं देने में ज्यादा परेशानी की समस्या का सामना करना पड रहा है।

# सड़क खोदाई के बाद सीवेज लाइन बिछाकर मरम्मत कराना भूले !

**भोपाल।** कोलार रोड पर नगर निगम प्रशासन ने एक एजेंसी से सीवेज लाइन बिछवाई और सीवेज चेंबर भी बनाए। इसके लिए सड़क की खोदाई हुई। काम पूरा होने के बाद अब संबंधित एजेंसी न सड़क की मरम्मत करा रही है और न ही नगर निगम प्रशासन टेंडर शर्तों के मुताबिक एजेंसी से सड़क की मरम्मत करा रहा है। ऐसे में कोलार रोड के दोनों तरफ 100 से अधिक कॉलोनियों की 2.5 लाख आबादी को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के इस सीजन में दिक?कतें और बढ़ गई हैं। सड़क के किनारे खोदाई से निकली मिट्टी बारिश की वजह से कीचड़ में तब्?दील हो गई है। इससे वाहन चालक कीचड़ में फंस रहे हैं। ललिता नगर, नयापुरा, बंजारी, बीमाकुंज, सर्वधर्म पर मुख्यमार्ग से लोगों का निकलना दूभर हो गया है।लोगों की शिकायत है कि नगर निगम प्रशासन 135 करोड़ रुपये की लागत से सीवेज



की पाइपपलाइन और चेंबर बनवा रहा हैं, लेकिन खोदाई करने के बाद सड़क की मरम्मत नहीं होने से परेशानी होती है। रोज आवाजाही के व?यस्?ततम समय यानी सुबह 10 से दोपहर 12 और शाम पांच से सात बजे तक वाहनों का दवाब अधिक होने से सड़क के किनारे कीचड़ में वाहन फिसलकर गिर जाते हैं, जिससे लोग चोटिल हो जाते हैं। स्थानीय रहवासी ओमप्रकाश अहिरवार ने बताया कि नगर निगम ने जल्द ही कोलार मुख्यमार्ग और खोदी गई भीतरी सड़कों की मरम्मत नहीं कराई तो सड़कों के गड्ढों में बैठकर नगर निगम प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। वहीं इस संबंध में नगर निगम आयुक्त वीएस चौधरी कोलसानी का कहना है कि शहर के विभिन्?न क्षेत्रों में सड़कों का मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। जल्द ही कोलार की खोदी गई सड़कों की मरम्मत कराई जाएगी।

# चाबी बनाने के बहाने शासकीय कर्मी के घर में घुसे चोर 5 लाख के जेवर ले उड़े

**भोपाल।** बैरागढ़ में एक सरकारी कर्मचारी के घर में घुसकर अज्ञात बदमाश अलमारी की चाबी बनाने के बहाने करीब 5 लाख रुपये के सोने के जेवरात लेकर चंपत हो गए। आरोपितों का हुलिया सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। फिलहाल आरोपित पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बैरागढ़ में पंजाब नेशनल बैंक शाखा कार्यालय के पास रहने वाले महेश आसवानी प्रोविडेंट फंड कार्यालय में



पदस्थ हैं। उनके घर पर रंग-रोगन का काम चल रहा है। गुरुवार दोपहर दो पगड़ीधारी लोग उनके घर के पास से गुजरे और रंग-रोगन का काम कर रहे पेंटर से पूछा कि चाबी बनवाना है क्या। एक पेंटर को अपनी बाइक की चाबी बनवानी थी, जो उसने उनसे बनवा ली। इसी बीच महेश की माता रेखा आसवानी वहां पहुंची और उन दोनों से कहा कि हमें भी अलमारी की चाबी बना दो। इस पर वे दोनों चाबी बनाने के लिये अंदर घुसे और अलमारी का चाबी बनाने का उपक्रम करने लगे। इसी बीच रेखा दूसरे काम में लग गईं। कुछ समय बाद दोनों ने उनसे आकर कहा कि अलमारी में टूटी हुई चाबी फंस गई है। हम उसे निकालने के लिए औजार लेकर थोड़ी देर में आ रहे हैं। जब काफी देर तक वापस नहीं लौटे तो परिवार को शक हुआ। इसके बाद महेश ने प्?लायर की मदद से किसी तरह अलमारी में फंसी टूटी चाबी निकाली और उसे खोलकर देखा तो अंदर रखे 16 हज़ार रुपये नकद एवं सोने-चांदी के जेवरात गायब थे। इसके बाद उन्?होंने थाने पहुंचकर एफआइआर दर्ज कराई। आरोपितों का हुलिया पास में लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस करीब ढाई लाख रुपए की चोरी होने की बात कह रही है, जबकि फरियादी का कहना है कि जेवरात 5 लाख रुपये से भी अधिक कीमत के थे।

# 29 जून तक नहीं चलेगी विंध्याचल एक्सप्रेस, छह ट्रेंने बैरागढ़ होकर गुजरेंगी

**भोपाल।** यदि आप भोपाल से हाल-फिलहाल रेल यात्रा करने का मन बना रहे हैं तो यह खबर आपके लिए है। विंध्याचल एक्सप्रेस शुक्रवार शाम यानी आज से 29 जून तक निरस्त रहेगी। इसके अलावा छह ट्रेनें बदले मार्ग संत हिरदाराम नगर स्टेशन से होकर चलेंगी। रेलवे ने यह निर्णय बीना-कटनी रेल खंड के बीच मालखेड़ी के पास रेल पटरियों को जोड़ने के लिए चल रहे कार्य के चलते लिया है।

### ये ट्रेनें बदले हुए मार्ग से चलेगी

27 जून को प्रारंभिक स्टेशन से चलने वाली गाड़ी संख्या 01703 रीवा-डॉ. आंबेडकर नगर स्पेशल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया कटनी, जबलपुर, इटारसी, संत हिरदाराम नगर होकर चलेगी ।25 व 28 जून को प्रारंभिक स्टेशन से चलने वाली ट्रेन 01704 डॉ. आंबेडकर नगर-रीवा स्पेशल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया संत हिरदाराम नगर, इटारसी, जबलपुर, कटनी होकर चलेगी ।28 जून को प्रारंभिक स्टेशन से चलने वाली ट्रेन 09091 बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस स्पेशल परिवर्तित मार्ग वाया-संत हिरदाराम नगर-इटारसी-जबलपुर-कटनी होकर चलेगी ।26 जून को प्रारंभिक स्टेशन से चलने वाली ट्रेन 02911 इंदौर-हावड़ा एक्सप्रेस स्पेशल परिवर्तित मार्ग वाया- संत हिरदाराम नगर-इटारसी-जबलपुर-कटनी होकर चलेगी ।26 व 28 जून को प्रारंभिक स्टेशन से चलने वाली ट्रेन 02912 हावड़ा-इंदौर एक्सप्रेस स्पेशल परिवर्तित मार्ग वाया कटनी-जबलपुर-इटारसी-संत हिरदाराम नगर होकर चलेगी ।25 जून को ट्रेन 05560 अहमदाबाद-दरभंगा एक्सप्रेस स्पेशल परिवर्तित मार्ग वाया संत हिरदाराम नगर-इटारसी-जबलपुर-कटनी होकर चलेगी।

### ये ट्रेनें रहेंगी निरस्त

ट्रेन 01271 इटारसी-भोपाल विंध्याचल एक्सप्रेस स्पेशल 25 से 28 जून तक व ट्रेन 01272 भोपाल-इटारसी विंध्याचल एक्सप्रेस स्पेशल 26 से 29 जून तक प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

# ग्राम पंचायत पडरिया में नहीं है स्टेट लाइट की व्यवस्था




**नारायणगंज।** शासन द्वारा हर साल ग्राम पंचायतों को लाखों रुपए ग्राम की व्यवस्थाओं के लिए दिया जाता है परंतु सरपंच सचिव और कुछ अधिकारियों की मिलीभगत के चलते यह पैसा ग्राम के विकास में ना लगाकर सचिव और सरपंच और अधिकारी खुद ही डकार जाते हैं ऐसा ही एक मामला ग्राम पंचायत पड़रिया में आया है जो कि जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत आती है।

### ग्राम पंचायत मैं नहीं है स्टेट लाइट की सुविधा

ग्राम पंचायत पड़रिया के अंतर्गत ग्राम नारायणगंज में स्टेट लाइट की सुविधा नहीं है जबकि नगर में सार्वजनिक स्थानों पर स्टेट लाइट की व्यवस्था करना ग्राम पंचायत के अधिकार क्षेत्र में आता है परंतु उस स्टेट लाइट की व्यवस्था का पैसा हर महीने ग्राम पंचायत डकार जाती है और ग्राम अंधेरे के साए में जीता रहता है इस अंधकार से उबारने के लिए सरकार लाखों रुपए ग्राम पंचायतों को हर साल देती है परंतु ग्राम पंचायत उसको ग्राम के विकास में ना लगाकर खुद ही डकार जाती है

### ग्राम पंचायत में नहीं है साफ सफाई की उत्तम व्यवस्था

अभी कुछ ही समय पहले कोरोना का कहर पूरे देश ने देखा है परंतु जहां पर सरकार और प्रशासन द्वारा बड़े-बड़े वादे स्वच्छता अभियान को लेकर किए जाते हैं उस वादे पर और उस अभियान पर साफ-साफ पानी फेरने का काम ग्राम पंचायत कर रही है यहां पर ना ही तो साफ सफाई का कुछ नजारा नजर आता है और ना ही यहां पर पंचायत द्वारा लोगों को जागरूक करने का काम पंचायत द्वारा किया जाता है गंदगी नालियों में बज - बजा रही है और ग्राम पंचायत अपनी गहरी नींद में सोई हुई है नगरवासी इस गंदगी से बहुत ही परेशान है परंतु उनकी आवाज सुनने के लिए ग्राम पंचायत को फुर्सत ही नहीं है।

अगर इस तरह की लापरवाही पंचायत द्वारा की जा रही है तो उस पर जरूर कार्रवाई की जानी चाहिए, आपके द्वारा जानकारी मुझे प्राप्त हुई है जल्द ही जांच करवाई जाएगी।

**विधायक, निवास (अशोक मसकोले)**

# दो हजार जवानों को योगाचार्य ने दिया प्रशिक्षण

**जबलपुर यश भारत।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में भारतीय सेना की महत्वपूर्ण टुकड़ी, वन एस टी सी, सिग्नल कोर के लगभग 2000 जवानों को योगाचार्य एल. सी. केशरवानी द्वारा प्राणायाम के विभिन्न आयामों तथा आसनों का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में सेना के जवानों से लेकर उच्च दर्जे के बड़े अधिकारी भी शामिल हुए ।इस अवसर पर श्री केसरवानी ने सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा कि योग से शरीर को ऊर्जा मिलती है जो कि आपके रण कौशल के लिए बहुत ही उपयोगी है इससे न सिर्फ शारीरिक ऊर्जा मिलती है बल्कि मानसिक तनाव भी दूर होता है ,थकान दूर होती है, और मानसिक स्तर बढ़ता है जिससे कि युद्ध तथा अन्य अवसरों पर सैनिक इसका सदुपयोग कर सकते हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सिग्नल कोर के जवानों ने प्राणायाम का प्रशिक्षण देकर इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करने का आश्वासन दिया।



# मीसा बंदियों का सम्मान



जबलपुर। रानी दुर्गावती मंडल के अंतर्गत निवासरत मीसा बंदियों का सम्मान उनके निवास पर जाकर किया गया जिसमें सुभाष जैन ,रोहाणी जायसवाल , राकेश श्रीवास्तव सोहन लाल सिधहे ,रूप किशोर प्यासी , गया प्रसाद ताम्रकार आदि शामिल थे। इस अवसर पर रानी दुर्गावती मंडल के अध्यक्ष सुरेंद्र सैनीकार्यक्रम के मंडल प्रभारी संजय तिवारी पूर्व पार्षद नगर के उपाध्यक्ष अजय तिवारी संभागीय मीडिया प्रभारी रविंद्र पचौरी जी नगर के मंत्री शरद ताम्रकार पार्षद दिलीप पटेल महामंत्री नीरज दुबे राम कुमार चौधरी ओमी कोस्टा प्रणव गुप्ता मोनू पटेल अभिषेक दोहरे विकास गौतम आदि उपस्थित रहे।

## वीरांगना रानी दुर्गावती को भावपूर्ण श्रद्धांजलि

जबलपुर। कमला नेहरू नगर गढ़ा रोड व्यापारी संघ के द्वारा वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर दीप प्रज्वलित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर धनंजय बाजपेई ने बताया वीरांगना रानी दुर्गावती महान नेतृत्व करता था जिन्होंने अपनी जनता के प्रति कर प्रणाली में अत्यंत ही सुंदर व्यवस्था कर रखी थी साथ ही जल प्रबंधन और किसानों के लिए एक-रूपता के साथ विकास किया था आज भी उनके द्वारा स्थापित जल स्रोत जनमानस कल्याण के लिए दर्शनशास्त्र का रूप धारण करें राष्ट्रीय लेखक शशांक द्वारा बताया गया वीरांगना रानी दुर्गावती युद्ध कौशल अद्भुत था । उन्होंने अपने जीवन काल में अनेक युद्ध लड़के अपनी सीमाओं का वृद्धि की थी। अन्य उपस्थित जन अध्यक्ष धनंजय बाजपेई, राष्ट्रीय लेखक शशांक, विजय गुप्ता ,राजेंद्र नामदेव, ईशांत पाध्य, पवन गुप्ता, अमरदीप पटेल, विकास सेन, विजय कोहली आदि उपस्थित थे।



# बरगवां हाई स्कूल और बापू चौक सिंधी धर्मशाला में हुआ टीकाकरण

**अमलाई।** टीकाकरण अभियान के तहत ग्राम बरगवां हाई स्कूल एवं सिंधी धर्मशाला बापू चौक अमलाई में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ मिलिंद नागदेवे के द्वारा निरीक्षण करते हुए लोगों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में टीकाकरण कराने के लिए कहा गया टीकाकरण के दौरान दोनों केंद्रों में जनपद पंचायत सीईओ सतीश तिवारी ने भी टीकाकरण केंद्र का निरीक्षण करते हुए लोगों को मास्क लगाने के साथ-साथ सुरक्षा बरतने की बात कही।इस महा अभियान में क्षेत्र की स्व सहायता समूह की महिला सदस्यों ने अपना भरपूर सहयोग किया वही केंद्र के नोडल प्रभारी प्राचार्य आर बी प्रसाद एवं बरगवां केंद्र में नोडल अधिकारी प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल बरगवां अपने मैं स्टाफ के साथ उपस्थित रहे वही महा अभियान में भाजपा के टीकाकरण प्रभारी सुभाष मिश्रा, प्रताप धमेजा, नीरज गुप्ता पवन कुमार चीनी विश्वनाथ कहार, अनूप मिश्रा, बृजेंद्र मिश्रा संदीप मिश्रा,हीरा लाल गौड़ सहित स्वास्थ्य विभाग स्वास्थ्य कर्मचारी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा कार्यकर्ता जिनमें जिम्मी शर्मा शकुंतला गुप्ता,रेखा यादव, सत्यवती सिंह, ममता यादव, रमा महरा, ज्योत्सना तिवारी, मूरत महरा, अनसूईया गुप्ता, अनुराधा गुप्ता, पार्वती महरा एवं संचालित स्व सहायता समूह की ज्योत्सना द्विवेदी, रीना यादव, आशा टावरी, सुनीता महरा का सराहनीय योगदान रहा।

# भाजपा ग्रामीण मंडल कार्यक्रम प्रभारी ने चलाया वृक्षारोपण अभियान



**बरगवां ।** भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय व प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर जिलाध्यक्ष बृजेश कुमार गौतम के नेतृत्व एवं कार्यक्रम प्रभारी रामदास पुरी की देखरेख में भाजपा ग्रामीण मंडल अनूपपुर के प्रत्येक बूथ में 23 जून दिन बुधवार को डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्य तिथि के अवसर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया। वृक्षारोपण कार्यक्रम प्रभारी भाजपा ग्रामीण मंडल अनूपपुर श्रीमती रश्मि खरे ने खुद कई बूथों पर आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रमों में शामिल हुए। इस अवसर पर श्रीमती खरे ने कहा कि डॉ? श्यामा प्रसाद मुखर्जी सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक और सिद्धान्तवादी थे। डॉ? मुखर्जी जम्मू कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे। उस समय जम्मू कश्मीर का अलग झण्डा और अलग संविधान था। वहाँ का मुख्यमन्त्री (वजीरे-आजम) अर्थात् प्रधानमन्त्री कहलाता था। उस समय संसद में अपने भाषण में डॉ? मुखर्जी ने धारा-370 को समाप्त करने की भी जोरदार वकालत की थी। उनका सपना अब जाकर साकार हुआ है जो सच्चे अर्थों में उनके लिए श्रद्धांजलि है। मानव जाति पर आई इस भीषण विपदा ने प्रकृति के माध्यम से लोगों को यह संदेश दिया गया है की मनुष्य जीवन में वृक्ष और पर्यावरण का महत्व क्या है सब कुछ आईने की तरह साफ हो गया ऐसी स्थिति में वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए वृक्षों का रोपण अत्यंत आवश्यक है। जिससे हम शुद्ध वायु ऑक्सीजन प्राप्त कर सकते हैं और वनों की कटाई ना कर ज्यादा से ज्यादा पौधे रोपित करें। उक्त आशय की जानकारी मंडल मीडिया प्रभारी बृजेंद्र कुमार मिश्रा ने देते हुए बताया कि भाजपा ग्रामीण मंडल अनूपपुर अंतर्गत जगह जगह चचाई बस्ती मैं मंडल मंत्री शकुंतला कॉल उनकी महिला टीम, मेडिया रास,देवहरा मैं सुनीत कुमार सिंह, ब्रज कांत तिवारी, रामनारायण उरमलिया, संजय नगर, पटना बद्रीश प्रताप सिंह धनंजय सिंह, डोंगरा टोला मैं संतोष कुमार बैगा बूथ प्रभारी,बरगवां मैं मंडल उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा, विश्वनाथ कहार, संदीप मिश्रा एमपीईबी कॉलोनी, मो हार टोला चचाई में स्वयं मंडल वृक्षारोपण कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती रश्मि खरे चचाई कॉलोनी सहित अमलाई बूथों पर बूथ अध्यक्षों, मंडलपदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, भाजपा नेताओं के द्वारा पौधा रोपित किया गया।

# डॉ मुखर्जी के बलिदान दिवस पर अनेक कार्यक्रम आयोजित

**सिहोरा।** एक निशान, एक विधान,एक प्रधान के प्रणेता तथा भारत की एकता अखंडता के लिए जीवनोत्सर्ग करने वाले भारत माता के सपूत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी ने नगर तथा ग्रामीण मंडलो में अनेक कार्यक्रम आयोजित कर उनको याद किया ।

### पोंडा मंडल में पौधो का वितरण



दर्शनी आश्रम तिराहा में स्थानीय लोगों की उपस्थिति में डॉ मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा में माल्यार्पण कर मनाई गई। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के पोंडा मंडल अध्यक्ष बृजेश पटेल और मीडिया प्रभारी दीपक साहू सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने लोगों को वृक्षारोपण हेतु पौधे वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान नेहरू युवा केंद्र के राष्ट्रीय स्वयंसेवक सनिल यादव,राकेश पटेल, सत्यम ठाकुर, रंजीत पटेल ,प्रिंस दुबे, सोनू नामदेव, सुखदेव यादव ,संतराम चक्रवर्ती आदि लोग उपस्थित रहे।

### सिहोरा नगर मंडल में आयोजन

डॉ मुखर्जी की पुण्यतिथि पर हिंदी स्कूल सहित अनेक स्थानो पर आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजा मोर , मंडल अध्यक्ष अभिषेक परौहा, शिशिर पांडे,माधव मिश्रा, पूर्व पार्षद विनय जैन , अभिषेक तिवारी, संदेश विश्वकर्मा, डा इरशाद मंसूरी ,फुरकान खान ,श्रीमती पुष्पा पांडे ने उनके तैलीय चित्र पर माल्यार्पण पर पुष्पांजलि अर्पित की ।

### भाजयुमो ने किया वृक्षारोपण

डॉ मुखर्जी के बलिदान दिवस पर युवा मोर्चा ने वृक्षारोपण कर, श्रद्धा सुमन अपित किए भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल ने गांधीग्राम मे अनेक साथियों के साथ वृक्षारोपण किया बघेल ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनो को भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने साकार किया है और वे सदैव हमारे प्रेरणा स्त्रोत रहेंगे ।इस अवसर पर युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष आकाश जैन, आकाश पटेल, मयंक सोनी, अमित परिहार, गणेश तिवारी सहित युवा साथी उपस्थित रहे ।

# उमाशंकर गुप्ता के जन्मदिवस पर कोरोना योद्धाओं का सम्मान एवं वृक्षारोपण किया

**अनूपपुर।** वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश जिला अनूपपुर युवा ईकाई के द्वारा उमाशंकर गुप्ता अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री मध्यप्रदेश शासन के जन्मदिवस के अवसर पर अनूपपुर जिले के कोतमा, जैतहरी, अनूपपुर एवं पुष्पराजगढ़ में कोरोना वालंटियर्स एवं स्वास्थ्यकर्मियों को सम्मानित किया तथा वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया । विदित हो कि वैश्य महासम्मेलन द्वारा समाज के क्षेत्र में समाजसेवा एवं वैश्यसमाज के हित में निरंतर कार्य करने वाली संस्था है, आज हम सभी ने हमारे यशस्वी अध्यक्ष माननीय उमाशंकर जी के जन्मदिवस पर उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ मंगल जीवन की कामना की. ! अनूपपुर युवा ईकाई के जिलाध्यक्ष कोमल सोनी ने कहा कि वहीं जहाँ कोरोनाकाल जैसी इस महामारी के दौर में विपरीत परिस्थितियों में भी कोरोना योद्धा एवं स्वास्थ्यकर्मी अपनी सेवाएं निरन्तर दे रहे हैं, इसलिए उनके सम्मान में वैश्य महासम्मेलन संपूर्ण मध्यप्रदेश में कोरोनावालंटियर्स को सम्मानित कर रही है व साथ ही में नगर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम कर नगर को सुशोभित किया जा रहा है एवं वैश्य महासम्मेलन अनूपपुर मुख्य ईकाई जिलाध्यक्ष मुकेश जैन ने भी संदेश देते हुए टीकाकरण केंद्रों में तथा अपने आसपास के लोगों को टीका लगवाने के लिए प्रेरित किया एवं समाज को यह संदेश दिया कि इन विपरीत परिस्थितियों में काम करने वाले लोग जो अपनी जान जोखिम में डालकर सेवा कार्य कर रहे हैं उन्हें सदैव सम्मानित किया जाना चाहिए तथा प्रार्थना की कि ईश्वर उन्हें इतना सामर्थ्य व साहस दे कि वह अपने सेवाकार्य अनवरत जारी रखें । उक्त कार्यक्रम में इनकी रही सक्रिय भूमिका - कोतमा से रवि कुमार, निखिल, विनोद। अनूपपुर से राजकमल गुप्ता, पुष्पा पटेल, पारूल अग्रवाल।जैतहरी से अमित गुप्ता एवं पुष्पराजग? से रोशन हलवाई व मुन्नालाल गुप्ता ।

# सतीश तिवारी रीठी के नए थाना प्रभारी

**रीठी।** पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने रीठी थाना प्रभारी रोहित यादव को पुलिस लाइन झिंझरी में पदस्थ किया है और उनके स्थान पर रक्षित केन्द्र कटनी में पदस्थ कार्यवाहक निरीक्षक सतीश कुमार तिवारी को रीठी थाने का नया प्रभारी नियुक्त किया है।

# वीडियो संदेश में कहा योग करो, निरोग रहो

**जबलपुर।** कांता जैन समिति सेवा समिति द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विशेषज्ञ अतिथियों के वीडियों संदेश जारी किए गए। जिसमें ललितपुर के पहलवान ग्रुप ऑफ लॉ कॉलेज के प्रिसीपल डॉ मुकेश यादव ने वीडियो के माध्यम से युवाओं व बच्चों को संबोधित किया एवं उन्होंने योग द्वारा होने वाले विभिन्न प्रकार के लाभों पर प्रकाश डाला। इसी तरह लखनऊ से डॉ अरविंद वर्मा ने भी अपना वीडियो संदेश संस्था के माध्यम से बताया। डॉ वर्मा लखनऊ में नवज्योति नशा मुक्ति केन्द्र के संस्थापक एवं संचालक हैं। इस अवसर पर कोविड प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए लोगों को घर पर ही रहनते हुए योग करने की सलाह दी गई। इस आयोजन में संस्था के सभी सदस्य एवं उपाध्यक्ष श्रीमती शिखा जैन इत्यादि अनेक युवा एवं बच्चे ऑनलाइन शामिल हुए।

# सिहोरा मझौली में लक्ष्य से अधिक टीकाकरण

## जनप्रतिनिधियों की सक्रियता का परिणाम

**सिहोरा।** शहरी और ग्रामीण इलाकों में टीकाकरण को लेकर भारी उत्साह नजर आ रहा है। टीकाकरण अभियान के दूसरे चरण में शासन एवं जन प्रतिनिधियों की सक्रियता के चलते सिहोरा एवं मझौली में लक्ष्य से कहीं अधिक टीकाकरण हुआ कई टीकाकरण केंद्रों पर सुबह से ही लोग पहुंच गए। टीकाकरण केंद्रों पर लोगों को सुरक्षित दूरी से बैठने के लिए व्यवस्था की गई है। आज स्वास्थ्य विभाग द्वारा सिहोरा विकासखंड के 30 केंद्रों पर 5000 से ज्यादा लोगों को टीके लगाने का लक्ष्य रखा गया था, सौरभ विकास खंड स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर.पी त्रिपाठी ने बताया कि 23 जून को शिवरा विकासखंड में 5155 व्यक्तियों को कोविड-19 का टीका लगाकर लक्ष्य से कहीं अधिक का टीकाकरण किया गया है।

### सिहोरा में हुआ 103 प्रतिशत

विकासखंड स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर पी त्रिपाठी ने बताया कि सिहोरा नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत टीकाकरण केंद्र हिंदी स्कूल में 720 के लक्ष्य के विरुद्ध 739 व्यक्तियों का टीकाकरण किया गया इसी प्रकार कुररिया शाला सिहोरा में 380 के लक्ष्य के विरुद्ध 386, उपनगर खितौला स्थित सामुदायिक भवन में 330 के लक्ष्य के विरुद्ध 349 एवं लालचंद हाई स्कूल में 280 के विरुद्ध 299 लोगों को सुरक्षा कवच लगाया गया वहीं यदि बात विकासखंड की की जाए तो प्राप्त लक्ष्य 5000 से कहीं अधिक 5155 व्यक्तियों को कोविड-19 का टीका लगाया गया जिसमें 18 प्लस के 4197 को प्रथम डोज, 45 प्लस को के 878 को प्रथम डोज एवं 80 व्यक्तियों को सेकेंड डोज लगाए गए ।

### मझौली की 4 पंचायतें हुई शत प्रतिशत टीकाकृत

आज मझौली की चार ग्राम पंचायत सगोड़ी ,खभरा, पहरुआ ,रानीताल मे 100 प्रतिशत वैक्सिनेशन किया गया पंचायतों को शत प्रतिशत टीकाकरण कराए जाने की दिशा में प्रयासरत पाटन विधानसभा के विधायक पूर्व कैबिनेट मंत्री अजय विश्नोई की कड़ी मेहनत से विधानसभा की 4 ग्राम पंचायतें शत प्रतिशत टीकाकरण हो सकी। जिला पंचायत मुख्यकार्यपालन अधिकारी रिजु बाफना एवं मझौली जनपद सीईओ राजीव तिवारी विकासखंड स्वास्थ्य अधिकारी के प्रयास सराहनीय रहे। डॉक्टर पारस ठाकुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार वैक्सीनेशन महा अभियान के द्वितीय चरण में मझौली जनपद पंचायत को 4500 व्यक्तियों के टीकाकरण का लक्ष्य प्राप्त हुआ था शासन प्रशासन की कड़ी मेहनत एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से 23 जून को 5066 व्यक्तियों को वैक्सीन लगाई गई है ।

### विद्युत मंडल मे 50 वेकशीनेशन

मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी एम पी बी कार्यालय में सिविल अस्पताल की मोबाइल टीम द्वारा करीब 50 लोगो का वेकशीनेशन किया गया । इस अवसर पर विद्युत वितरण कम्पनी कार्यपालन अभियंता मोहन सिंह, सहायक अभियंता कृष्ण मोहन, अनूप गुप्ता, आदर्श कुमार, रमेश सिन्हा, सुनील गिरी आदि उपस्थित थे ।

# वैक्सीन गाड़ी से घर घर जाकर किया गया टीकाकरण

**अमलाई ।** प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर परिषद बुरहार मैं 1 से 15 वार्ड ,मे मोबाइल वैक्सीन गाडी से घर घर जा कर लोगों से संपर्क कर करोना से बचाव के लिये वैक्सीन लगाया गया जिसमें नगर बुढार के सभी लोगो ने बढ चढ कर सहभागिता निभाई भाजपा बुढार मंडल अध्यक्ष कामाख्या राय, महामंत्री श्रीकृष्ण गुप्ता, युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष नमन ताम्रकार, समाज सेवी सुनील सिंह, सभी बी एल ओ, हास्पिटल बुढार के सभी स्टाप नर्स, एवं अन्य समाज सेवी लोगो ने सहयोग किया।

# शोर-शराबे के साथ एक्स रे मशीन भी बंद

**कुंडम।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विगत दिनों सांसद निधि से बड़े शोर-शराबे के साथ बड़ा प्रचार प्रसार करने के बाद 10 साल से ग्रामीण क्षेत्र की मांग पर कुंडम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डिजिटल ×-ray मशीन का विगत दिनों कुंडम नगर आगमन पर सांसद राकेश सिंह जी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंडम को यह बहुत बड़ी सौगात दी थी ग्रामीण जनों को डिजिटल ×-ray मशीन सांसद निधि से भेंट किया गया था जिसका शुभारंभ सांसद राकेश सिंह जी ने स्वयं कुंडम पहुंचकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैं शुभारंभ किया गया था शुभारंभ के दिन से ही बीएमओ कुंडम सोनू शर्मा की लापरवाही से एवं जनप्रतिनिधि की उदासीनता से उद्घाटन से आज दिनांक तक डिजिटल एक्सरे मशीन बंद पड़ी हुई है ग्रामीण क्षेत्र के 40 से 50 किलोमीटर दूर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंडम में आते हैं की सांसद राकेश सिंह जी ने ग्रामीण आदिवासियों के लिए डिजिटल ×-ray मशीन का शुभारंभ कराया है चलो इलाज करवा कर आ जाएंगे कुंडम स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने के बाद एक्स्ट्रा पर्ची कटाई जाती है फिर ग्रामीणों को बताया जाता है



एक्स रे मशीन अभी बंद पड़ी हुई है कहीं ऑपरेटर नहीं है बीएमओ की घनघोर लापरवाही के चलते विगत 5 साल से जब से सोनू शर्मा यहां पदस्थ हुए हैं बीएमओ के पद पर भ्रष्टाचारी चरम सीमा पार कर चुकी है मगर ग्रामीण जनों का कहना है की बीएमओ कुंडम पर क्षेत्रीय विधायक का एवं उनके जनप्रतिनिधियों का हाथ रखा हुआ है जिससे उसका बाल भी बांका नहीं होता और गरीबों का शोषण खोलकर हो रहा है ना इलाज मिल रहा है ना सुविधा मिल रही है मरीजों से जानवरों टाइप में व्यवहार किया जाता है स्टाफ द्वारा भोले-भाले ग्रामीण जन डांट फटकार सुनकर अपने अपने घर चले जाते हैं और जो समर्थवान हैं वह डिजिटल एक्सरे कराने जबलपुर चला जाता है वैक्सीन सेंटर में भी कोई सुविधा नहीं है बीएमओ हेड क्वार्टर में नहीं रहते नर्सों के हवाले रात में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 30 बिस्तर का रहता है अगर आकस्मिक मरीज रात में आता है उस परिवार के तो लेने के देने पड़ जाते हैं तुरंत जबलपुर रेफर किया जाता है और 30 बिस्तर का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंडम में खोखला बना बैठा है जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रीय विधायक को अनेक बार अवगत कराया गया मगर कोई फर्क नहीं पड़ता कुंडम स्वास्थ्य केंद्र में इन दिनों गरीबों को इलाज के नाम पर डांट फटकार मिलता है और मुखिया बने मुख्य चिकित्सा विकास खंड अधिकारी सोनू शर्मा करोड़ों रुपए अंदर करके खुद का जबलपुर प्राइवेट हॉस्पिटल चलवा रहे हैं उनकी धर्मपत्नी भी यही पदस्थ है क्यों कुंडम कभी नहीं आती मगर सैलरी पूरी पहुंच जाती है कुंडम क्षेत्र के ग्रामीण जनों ने मध्य प्रदेश के मुखिया एवं सांसद राकेश सिंह जी पर फरियाद कर रही है कि जल्द से जल्द कुंडम स्वास्थ्य केंद्र का डिजिटल एक्सरे मशीन चालू करवाने का दया करें ताकि ग्रामीण जनों को एक्स-रे के लिए जबलपुर न भटकना पड़े।

# पुलिस का रोको टोको अभियान सुस्त

**बघराजी।** जहां एक और कोविड-19 संक्रमण के मद्देनजर सरकार ने प्रदेश को 52 दिन बाद लॉकडाउन से अनलॉक किया गया है ताकि लोगों का सामान्य जनजीवन ना लड़खड़ाए परंतु लोग बेपरवाह हो गए ।संबंधित अधिकारियों ने बचाव व सुरक्षा के लिए निर्देश भले ही जारी किए गए हैं परंतु वर्तमान परिस्थितियों में आमजन व व्यापारियों की लापरवाही व पुलिस की अनदेखी के चलते कोविड-19 प्रोटोकॉल के नियमों का मजाक उड़ रहा है ।दुकानों के बाहर व्यापारियों द्वारा चूने के सफेद गोले नहीं बनाए गए ना ही सैनिटाइजर रखा जा रहा बिना मार्क्स लगाए ग्राहकों को भी सम्मान दिया जा रहा है दुकानों के अंदर भारी भीड़ भाड़ देखने को मिल रही है सोशल डिस्टेंसिंग की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं नगर के लोगों का कहना है कि इस लापरवाही से स्थिति भयंकर हो सकती है लोगों ने इस ओर शासन प्रशासन से ध्यान देने की मांग की है।

# अब पेपर कार्टून्स में नहीं पैक होगा डाबर रेड पेस्ट, ईको.फ्रेंडली पैकेजिंग को देंगे बढ़ावा

एजेंसी। भारत की अग्रणी विज्ञान आधारित आयुर्वेद कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड ने अपने टूथपेस्ट ब्रांड डाबर रेड पेस्ट से पेपर कार्टन हटाने की दिशा में कदम बढाया है। डाबर ने आज रिलायंस रिटेल के साथ मिलकर पेपर कार्टन से मुक्त डाबर रेड टूथपेस्ट के इस ईको.फ्रेंडली पैकेजिंग के पायलट पहल की घोषणा की। बाहरी कार्टन हटाने से बचने वाले कागज का उपयोग नोटबुक बनाने में किया जाएगा और चाइल्ड राइट्स एंड यू ;ब्ल्द्ध के द्वारा यह कॉपियां जरूरतमंद बच्चों को मिलेंगी। डाबर इंडिया लिमिटेड के मार्केटिंग हेड ;ओरल केयरद्ध श्री हरकवल सिंह ने कहाए श्इस प्रयास के साथ ही डाबर रेड पेस्ट ने एक यूनिक कैंपेन श् गिव अप द कार्टनए गिव मी अ फ्यूचरष्श् भी लॉन्च किया है। ब्ल् के साथ मिलकर कंपनी पेपर कार्टन हटाने के




बाद जो भी कागज बचेगाए उसका उपयोग नोटबुक बनाने में करेगी, जो 1 लाख 20 हजार से ज्यादा जरूरतमंद बच्चों को बांटी जाएंगी। हमें उम्मीद है कि इस प्रयास के तहत हम सालभर में 150 टन कागज बचाने में सफल होंगे और पर्यावरण से कचरा दूर रख पाएंगे। इसके साथ हीए कंपनी एक बाहरी पेपर कार्टन मुक्त लोयूनिटप्राइस ;एलयूपी पैक भीपेशकर रही हैजो विशेश रूपसे ग्रामीणबाजारों के लिए बनायागया है। डाबर इंडिया लिमिटेड के वाइस प्रेसीडेंट ;मार्केटिंग.पर्सनल केयरद्ध श्री राजीव जॉन ने कहाए ष्बाजार में यह पहली बार है जब किसी टूथपेस्ट ब्रांड ने ऐसा कदम उठाया है। हमें यह बताते हुए अत्यंत खुशी हो रही है कि डाबर रेड पेस्ट अब नए ईको.फ्रेंडली डिजाइन में कार्टन फ्री पैक्स में उपलब्ध होगा। यह एक पायलट प्रोजेक्ट हैए जो मॉर्डन ट्रेड आउटलेट में दिखाई देगा। इन दोनो प्रयासों से हम सालभर में 150 टन कागज बचाने में सफल होंगे। रिलायंस रिटेल के सीईओ.ग्रॉसरी दामोदर माल ने कहाए ष्हम डाबर के साथ मिलकर एक स्मार्ट तरीके से काम करते हुए पेपर के उपयोग को कम करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। सुपरमार्केट और सुपर ऐप के जरिए खरीदारी करने वाले ग्राहक जागरूक हैं और ऐसे पर्यावरण हितैषी प्रयासों को सहयोग देने के लिए तत्पर हैं। वे इस प्रयास का स्वागत करें। आज हमारे द्वारा किया जाने वाला छोटा सा प्रयास कल जाकर इंडस्ट्री में बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया जाएगा। चाइल्ड राइट्स एंड यू की रीजनल डायरेक्टर सोहा मोइत्रा ने कहा ब्ल् का हमेशा से यह मानना रहा है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है। यह बच्चों के भविष्य निर्माण के लिए बेहद जरूरी है। ब्ल् अपने प्रोजेक्ट एरिया के तहत आने वाले बच्चों को मुफ्त और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया करवाने को लेकर प्रतिबद्ध है।

**सूचना**

यशभारत समाचार पत्र में प्रकाशित हाने वाले विविध विज्ञापनों के लेखों की जांच पड़ताल करने के बाद ही पाठक इस संबंध में आर्थिक व्यवहार करें, विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापनदाता जो दावे पेश करते हैं, उनकी जवाबदारी, यशभारत समाचार पत्र नहीं देता, विज्ञापन में किये गये दावों की पूर्ति अगर विज्ञापनदाताओं द्वारा नहीं की जाती है तो उसके परिणाम के लिए यशभारत समाचार पत्र जिम्मेदार नहीं रहेगा।

# ज़ी 5 कैंपेन से जुड़े सारा और अमोल



नई दिल्ली। द वायरल फीवर (टीवीएफ) के साथ पार्टनरशिप के बाद ओटीटी प्लेटफॉर्म ज़ी5 ने युवा दर्शकों को आकर्षित करने के लिए देखते रह जाओगे नाम से ब्रांड कैंपेन लॉन्च किया है, जिसके लिए प्लेटफॉर्म ने सारा अली खान और अमोल पाराशर को ब्रैंड एम्बेसडर बनाया है। प्लेटफॉर्म ने एक स्टेटमेंट जारी करके इस कैंपेन के बारे में विस्तार से जानकारी दी, जिसके मुताबिक़ देखते रह जाओगे अभियान का लक्ष्य 18-34 आयु वर्ग के युवा दर्शकों को आकर्षित करना है, जो देश में ओटीटी कंटेंट का सबसे बड़ा कंज़्यूमर है।इस कैंपेन से जुड़ने की वजह बताते हुए सारा ने कहा- 卐ज़ी5 हमारा अपना घरेलू ओटीटी प्लेटफॉर्म है। %देखते रह जाओगे% कैंपेन का उद्देश्य इस कठिन समय के दौरान सभी का मनोरंजन करना है। मेरे लिए इसलिए भी ख़ास है, क्योंकि मेरी शुरुआती फ़िल्में केदारनाथ और सिम्बा दोनों ज़ी5 पर हैं।वहीं, ओटीटी कंटेंट की दुनिया का लोकप्रिय चेहरा अमोल पाराशर ने कहा- 卐मैंने इस अभियान को इसलिए चुना, क्योंकि हम लोगों को घर पर रहने और इस महामारी के दौरान बिना किसी रुकावट के एंटरटेन करना चाहते हैं। मैंने टीवीएफ के साथ अपनी यात्रा शुरू की और हाल ही में, दो कंटेंट क्रिएटर्स ने हाथ मिलाया है, जो मेरे लिए खास है।ज़ी5 की कंटेंट लाइब्रेरी में 150 से अधिक ओरिजिनल्स और 2800 से अधिक फिल्में हैं, जिन्हें सब्सक्राइबर्स बिना किसी रुकावट के देख सकेंगे। इस कैंपेन का



मक़सद ग्राहकों को बिंज वॉचिंग के लिए प्रेरित करना भी है।ज़ी5 इंडिया के मुख्य व्यवसाय अधिकारी, मनीष कालरा ने कहा, ओटीटी में वृद्धि के साथ, आज, लाखों दर्शक छोटे शहरों और बड़े शहरों में बिंज-वॉच करते हुए कंटेंट देख रहे हैं। %देखते रह जाओगे% अभियान के साथ, हम उपभोक्ताओं के लिए उनकी पसंद की भाषा में, एक बटन के टैप पर गुणवत्तापूर्ण मनोरंजन को सुलभ बनाना चाहते हैं, बिना कीमत बढ़ाये।इस कैंपेन के तहत ज़ी5 अपने 499 रुपये वाले सब्सक्रिप्शन प्लान को प्रमोट करेगा, जिसके तहत उपभोक्ताओं को 50 नई रिलीज़ और 40 ओरिजिनल्स देखने को मिलेंगे, जो इस साल रिलीज़ होने वाले हैं।

**ओटीटी प्लेटफॉर्म ज़ी5 ने युवा दर्शकों को आकर्षित करने के लिए देखते रह जाओगे**



## स्ट्रेप चोली और लहंगा पहन सपना चोधरी बनीं उमराव जान, रेखा के सुपरहिट गाने 'आंखों की मस्ती' पर दिखाई जबरदस्त अदाएं



नई दिल्ली हरियाणवी एक्टर और डांसर सपना चौधरी हर अंदाज उनके फैंस को घायल करने के लिए काफी है। वह भले ही मेन स्ट्रीम से ताल्लुक न रखती हों, लेकिन वह सोशल मीडिया पर फैन फॉलोइंग के मामले में बड़ी एक्ट्रेसेस को टक्कर देती हैं। एक्ट्रेस की हर तस्वीर सोशल मीडिया पर आते ही ताबड़तोड़ वायरल हो जाती है। वह अक्सर अपनी लेटेस्ट तस्वीरें और वीडियोज फैंस के बीच शेयर कर उनके साथ जुड़ी रहती हैं। वह अक्सर अपने डांस वीडियो शेयर कर फैंस को एंटरटेन करती रहती हैं। इसी बीच एक्ट्रेस का एक नया वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वह अपनी आंखों के इशरों से फैंस को दीवाना बनाती दिख रही हैं। सपना चौधरी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपना एक लेटेस्ट वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो में वह लाल रंग का लहंगा और स्ट्रेप वाली चोली में कहर ढाती नजर आ रही हैं। इस ड्रेस के साथ उन्होंने सिल्वर नेकलेस, एयररिंग्स और चूड़ियां पहनी हुई हैं। सपना वीडियो में शीशे के सामने खड़े होकर एवरग्रीन एक्ट्रेस रेखा के गाने इन आंखों की मस्ती के मस्ताने हज़ारों हैं% पर मदमस्त अदाएं दिखाती नज़र आ रही हैं। वहीं उनके आखें की अदांए देख उनके फैंस उनके हुस्न के कायल हो रहे हैं। उनकी नजाकत देख फैंस लगातार कमेंट कर उनकी तारफी कर रहे हैं। अबतक इस वीडियो को हजारों व्यूज मिल चुके हैं। सपना चौधरी के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह इन दिनों एंड टीवी के एक क्राइम शो मौका-ए-वारदात में रवि किशन और मनोज तिवारी के साथ शो को होस्ट करती हुई भी नज़र आ रही हैं। इसके अलावा सपना ने हरियाणवी इंडस्ट्री के साथ, भोजपुरी, पंजाबी और बॉलीवुड इंडस्ट्री में भी काम किया है। उन्होंने बॉलीवुड में दोस्ती के साइड इफेक्ट्स% फिल्म से डेब्यू किया था। बता दें कि सपना चौधरी बिग बॉस 11%का हिस्सा रह चुकी हैं।



# राज कुंद्रा ने शिल्पा शेट्टी के संग दिया टाइटैनिक पोज





अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। राज अक्सर अपने और शिल्पा के फनी वीडियो पोस्ट करते हैं। हालांकि सभी बेहद अनोखे होते हैं। दरअसल कुंद्रा एक एप की सहायता से किसी फिल्म के सीन के कैरेक्टर पर खुद का और शिल्पा का फेस लगा वीडियो शेयर करते हैं। जो देखने में बेहद मजेदार होता है। ऐसा ही एक नया वीडियो राज कुंद्रा ने शेयर किया है। जिसमें वे शिल्पा शेट्टी संग टाइटैनिक पोज देते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा फिल्म टाइटैनिक के जैक और रोज बने हैं। देखा जा सकता है कि राज और शिल्पा मूवी का आइकॉनिक सीन का पोज देते नजर आ रहे हैं। राज ने पोस्ट में कैप्शन लिखा है कि टाइटैनिक के पंजाबी कपल वापस आ गए हैं। सबूत है कि वे पंजाबी थे। उन्होंने हीरे को समुद्र में फेंका था। जट दा प्यार गोरिए।

# लाइफ मेडीसिटी अस्पताल में पार्टनरों का विवाद

**जबलपुर, यशभारत। आगा चौक स्थित लाइफ मेडीसिटी अस्पताल में 4 पार्टनरों के पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद हो गया है। पार्टनरशिप विवाद की खबरें उस वक्त सामने आई जब पूरा मामला थाना पहुंचा। जहां दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। बीते दिन अस्पताल में उस समय हंगामे की स्थिति बन गई जब एक डॉक्टर पार्टनर के केबिन में ताला जड़ दिया गया है।**

## 4 में से एक को बेदखल किया




### 4 डॉक्टर पार्टनरों ने मिलकर खोला था अस्पताल

डॉक्टर मुकेश श्रीवास्तव, डॉ. नरेंद्र अग्रवाल और दो अन्य डॉक्टरों ने मिलकर आगा चौक स्थित लाइफ मेडीसिटी स्पेशलिटी अस्पताल की नींव रखी थी। सूत्रों का कहना है कि अस्पताल की नींव रखने के पहले सभी पार्टनरों में एक सौदा तय हुआ था उसके हिसाब से अस्पताल से होने वाली इनकंप में सभी का बराबर का हिस्सा होना तय किया गया। लेकिन डॉक्टर मुकेश श्रीवास्तव और दो अन्य डॉक्टर पार्टनरों ने पार्टनर डॉ. नरेंद्र अग्रवाल से पार्टनरशिप तोड़ दी।नोटिस तक नहीं दिया और तोड़ दी पार्टनरशिप

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार डॉक्टर नरेंद्र अग्रवाल को बगैर नोटिस दिए पार्टनरशिप से अलग कर दिया गया। इसकी सूचना जब डॉ. नरेंद्र अग्रवाल को लगी तो उन्होंने लार्डगंज थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

### केबिन में लगा दिया गया ताला

बताया जा रहा है कि डॉ. नरेंद्र अग्रवाल बीते दिन अस्पताल पहुंचे तो उनके केबिन में ताला लगा हुआ था इसकी जानकारी उन्होंने ने अस्पताल प्रबंधन से ली तो किसी ने भी सकाारत्मक जवाब नहीं दिया। इसके बाद विवाद बढ़ गया और पूरा मामला थाने पहुंच गया।

### दोनों पक्षों ने शिकायत की है

लार्डगंज पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाइफ मेडीसिटी अस्पताल में पैसों को लेकर विवाद हुआ है। दोनों पक्षों ने शिकायत दर्ज कराई है। विवाद का मूल कारण क्या है इसकी जांच की जाएगी।



# मप्र हाई कोर्ट को मिले 6 नए जज

## नवनियुक्त जजों को चीफ जस्टिस मोहमद रफीक ने दिलाई पद और गोपनीयता की शपथ

**जबलपुर.यशभारत।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस मोहम्मद रफीक ने आज मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के 6 नए जजों को शपथ दिलाई। हाईकोर्ट जज के रूप में शपथ लेने वालों में उच्च न्यायिक सेवा के अनिल वर्मा. अरुण कुमार शर्मा.सत्येंद्र कुमार सिंह. सुनीता यादव. दीपक कुमार अग्रवाल और राजेंद्र कुमार वर्मा शामिल हैं। राष्ट्रपति से मंजूरी मिलने के बाद केंद्र सरकार ने 18 जून 2021 को मध्यप्रदेश में 6 नए जजों की नियुक्ति की अधिसूचना जारी की थी। हाईकोर्ट के साउथ ब्लॉक में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह का हाईकोर्ट की वेबसाइट पर लाइव टेलीकास्ट भी किया गया। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में निवर्तमान में 24 जज कार्यरत थे नए जजों की नियुक्ति होने से जजों की संख्या बढ़कर 30 हो गई है। साउथ ब्लॉक में आयोजित वर्चुअल समारोह में सबसे पहले रजिस्ट्रार जनरल राजेंद्र कुमार वाणी ने राष्ट्रपति द्वारा भेजे नियुक्ति पत्र (वारंट) को पढ़ा। उसके बाद चीफ जस्टिस मोहम्मद रफीक ने सभी नवनियुक्त जजों को शपथ दिलाई।

**जबलपुर के दीपक अग्रवाल भी शामिल**

### संक्षिप्त परिचय

**अनिल वर्मा** जन्म 16 मार्च 1964 कटनी. शिक्षा बीएससी. एलएलबी न्यायिक सेवा में नियुक्ति 26 अगस्त 1987 वर्तमान पद प्रिंसिपल रजिस्ट्रार मध्य प्रदेश हाईकोर्ट इंदौर खंडपीठ।

**अरुण कुमार शर्मा** जन्म 29 जुलाई 1961 विदिशा. शिक्षा बीएससी. एलएलबी. न्यायिक सेवा में नियुक्ति 27 अगस्त 1987 निवर्तमान पद डीजे छतरपुर।

**सत्येंद्र कुमार सिंह** जन्म 24 अ क्टूबर 1961 वाराणसी शिक्षा बीएससी एलएलबी न्यायिक सेवा में नियुक्ति 3 नवंबर 1987 निवर्तमान प्रमुख सचिव विधि एवं विधाई कार्य विभाग।

**सुनीता यादव** जन्म 13 जनवरी 1963 बिलासपुर छत्तीसगढ़. शिक्षा बीएससी. एलएलबी. न्यायिक सेवा में नियुक्ति 7 सितंबर 1987 निवर्तमान पद डीजे दतिया।

**दीपक कुमार अग्रवाल** जन्म 21 सितंबर 1961 जबलपुर. शिक्षा बीएससी. एलएलबी. न्यायिक सेवा में नियुक्ति 1 सितंबर 1987 निवर्तमान पद ग्वालियर डीजे

**राजेंद्र कुमार वर्मा** जन्म 1 जुलाई 1961 इटावा उत्तर प्रदेश. शिक्षा बीए.एलएलबी न्यायिक सेवा में नियुक्ति 28 सितंबर 1987 निवर्तमान पद डीजे भोपाल।

## जबलपुर से कटनी रवाना हुए गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा



**जबलपुर।** गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा आज दोपहर जबलपुर आगमन हुआ। वे यहां से कटनी के लिए रवाना हो गए। जहां वे प्रदीप मित्तल के निवास पहुंचे और उनसे मुलाकात की। वे विधायक संजय पाठक के निवास पर भी पहुंचे और वे अपरान्ह में जबलपुर लौटेंगे और यहां से ग्वालियर के लिए रवाना हो जाएंगे।

## आईजी ने की अपराध और कानून व्यवस्था की समीक्षा



**जबलपुर।** पुलिस महानिरीक्षक जबलपुर जोन भगवत सिंह चौहान ने आज पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय जबलपुर में अपराध एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की । उन्होंने इस दौरान अपराध और अपराधियों पर शिकंजा कसने निर्देशित किया। बैठक में पुलिस अधीक्षक जबलपुर सिद्धार्थ बहुगुणा, पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा विवेक अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक कटनी मयंक अवस्था, पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर विपुल श्रीवास्तव एवं पुलिस अधीक्षक सिवनी कुमार प्रतीक उपस्थित रहे।

# रिश्ते हुए शर्मसार

## मौसेरे भाई ने बनाया हवस का शिकार

**जबलपुर, यशभारत।** रिश्तों को शर्मसार करने का मामला मदनमहल क्षेत्र में सामने आया है। एक मौसेरे भाई ने अपनी बहन को हवस का शिकार बना लिया। यह सिलसिला कई सालों से चलता रहा। यही नहीं मौसेरे भाई ने कई बार गर्भपात कराया। पीड़िता की शिकायत पर मदनमहल पुलिस ने रेप का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक पीड़िता के मां-पिता का निधन हो चुका है। उसकी मौसी मैहर सतना की रहने वाली है। युवती की पढ़ाई और देखभाल के चलते मौसी ने बेटे को युवती के घर छोड़ दिया था। 25 वर्षीय युवक ने युवती की मजबूरियों का फायदा उठाया। शादी का झांसा देकर 2018 से वह युवती के साथ रेप करता रहा।

### शादी की बात से मुकरा, तब पहुंची थाने

आरोपी शादी की बात को लेकर पहले टालमटोल करता रहा। इसके बाद मना कर दिया। गुरुवार 24 जून को युवती ने हिम्मत कर मदनमहल थाने पहुंची और रेप का मामला दर्ज कराया। मदनमहल पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है। आरोपी के मैहर भागने की सूचना है।

### पांच महीने से फरार चार हजार रुपए का इनामी रेपिस्ट गिरफ्तार

महिला थाने में 12 जनवरी को दर्ज रेप के मामले में फरार चल रहे श्रीकांत सोनी को क्राइम ब्रांच ने 24 जून को गिरफ्तार कर लिया। उसकी गिरफ्तारी पर एसपी ने चार हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। श्रीकांत के खिलाफ 29 वर्षीय तलाकशुदा महिला ने प्रकरण दर्ज कराया था।

## होटल विजन पैलेस में युवक की लाश

# मामा ने कहा ,शेयर मार्केट का काम करता था भांजा, आत्महत्या नहीं कर सकता

## नाम बदलकर यों रुका था होटल में ,पुलिस कर रही जांच

**जबलपुर, यशभारत।** करमचंद चौक स्थित विजन पैलेस होटल में युवक की लाश मिलने के बाद तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है। इसी बीच आज सुबह मृतक के परिजन होटल पहुंचे और उन्होंने युवक की आत्महत्या पर अशंका व्यक्त की। इधर पुलिस जांच कर रही है कि युवक नाम बदलकर होटल में क्यों रुका था।

मालूम हो कि गुरुवार रात करमचंद चौक स्थित विजन पैलेस होटल के रूम नंबर 136 में युवक की लाश मिली। युवक उक्त कमरे में कई दिनों से ठहरा था। होटल प्रबंधन के मुताबिक उसकी दो दिन से तबियत भी खराब थी। उसने घरवालों को खबर दे दी थी, लेकिन वे नहीं पहुंचे और उसकी मौत हो गई। ओमती पुलिस ने मृतक के पास से वैभव दुबे नाम का आधार कार्ड मिला। फोटो भी मृतक के अनुसार है। जबकि उसने होटल में अपना नाम तेजेश्वर प्रसाद पिता रविकिरण के नाम से रुका था।



### देवास का रहने वाला है मृतक

मृतक युवक के मामा ब्रजेश पाराशर ने बताया कि युवक का जबलपुर आना-जाना रहता था। वह मूलतः देवास का रहने वाला है और शेयर मार्केट का काम करता है। युवक आत्महत्या नहीं कर सकता है। जो जानकारी मिली है उसमें बताया गया है कि उसने ज्यादा शराब पी ली थी इसलिए उसकी मौत हो गई।

# ओ एफके कर्मी की उंगली कटी

**जबलपुर यशभारत।** खमरिया फैक्ट्री में काम के दौरान एक कर्मचारी की उंगली मशीन की चपेट में आने से कट गई है।घायल कर्मचारी को तत्काल खमरिया फैक्ट्री अस्पताल रवाना किया गया है जहां उसका इलाज किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मूल रूप से पी जी पी एफ मे पदस्थ चंदन को काम की अधिकता के चलते फिलिंग अनुभाग-1 मे उत्पादन के लिए लगाया था।जहां काम के दौरान उसकी उंगली मशीन की चपेट में आ गई।चंदन की चीख निकलते ही आसपास काम कर रहे कर्मचारी दौड़ कर उसके पास पहुंचे और उसे तत्काल एम्बुलेंस मे खमरिया अस्पताल रवाना किया।जहां प्राथमिक उपचार के बाद चंदन को मार्बल सिटी अस्पताल पहुंचाया जहां उसका इलाज किया जा रहा है ।

**एफ-1 की घटना खमरिया अस्पताल से मार्बल सिटी भेजा**



# रेलवे लाइन में पेड़ व चट्टानें गिरीं,कई ट्रेनें प्रभावित

## अनेक परिवर्तित मार्ग से हुई रवाना

**जबलपुर यश भारत।** बीती रात इटारसी रेल खंड पर पिपरिया के पास बागरा तवा और सोनतलाई स्टेशन के बीच अप रेल ट्रैक पर पेड़ व चट्टानें गिरने के कारण रेल यातायात प्रभावित हो गया। इस संबंध में रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस घटना से जबलपुर से इटारसी होकर मुंबई की ओर जाने वाली अनेक यात्री गाड़ी विभिन्न स्टेशनों पर खड़ी हो गई और घंटों विलंब से आगे बढ़ीं।देर रात में हुई इस अप्रत्याशित घटना के कारण रेल प्रशासन ने रात में ही टावर वैगन भेजकर पेड़ तथा मलबे को ट्रैक से हटाने का कार्य किया और लगभग 3:30 बजे रात में या विशालकाय पेड़ तथा चट्टानों को ट्रक से हटाया गया और उसके बाद यह ट्रैक यातायात के लिए चालू किया गया।इस दौरान रेल प्रशासन ने इस अप्रत्याशित दुर्घटना पर मुंबई की ओर जाने वाली 2 यात्री गाड़ियों को जबलपुर से इटारसी के मार्ग पर न ले जाकर कटनी से ही सागर, बीना, भोपाल मार्ग से परिवर्तित करके इटारसी ले जाया गया और इटारसी से उन्हें मुंबई की ओर किया गया। इस घटना से ट्रेन नंबर 02142 तथा 01060 सुपरफास्ट गाड़ियों को कटनी से डायवर्ट किया गया। अब सुबह 4:00 बजे से यह ट्रैक यात्री गाड़ियों के परिचालन के लिए तैयार हो गया है और उसके बाद से सभी गाड़ियों को धीरे-धीरे करके निकाला जा रहा है।उल्लेखनीय है कि जबलपुर इटारसी रेल खंड पर तेज बारिश और हवा के कारण रेलवे ट्रैक के किनारे लगे पेड़ गिरने की यह दूसरी घटना है जिसके कारण रेल यातायात प्रभावित हुआ था।



# 28 को सामूहिक अवकाश पर रहेंगी नर्सें

**जबलपुर, यशभारत।** 10 सूत्रीय मांगों को लेकर क्रमिक अनशन कर रही नेताजी सुभाष चंद्र मेडिल कॉलेज की नर्सों ने अब आर-पार की लड़ाई का मूड बनाया है। बीते कई दिनों से अनशन कर रही नर्सों की मांगों पर किसी भी जनप्रतिनिधि या फिर अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया। इसके बाद अब 30 जून को नर्से एसोसिएशन ने पूरे प्रदेश में काम बंद हड़ताल का ऐलान किया है। नर्स एसोसिएशन की जिला अध्यक्ष हर्षा सोलंकी ने बताया कि 28 जून को प्रदेश भर में सामूहिक हड़ताल होगी इसके बाद 29 जून को काम पर लौटेंगे इसके बाद भी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो 30 जून को काम बंद हड़ताल पर नर्स चली जाएगी।

# शादी के 15 दिन बाद ही फांसी पर झूला युवक





## पत्नी को लेने गया था पूरा परिवार , पुलिस जांच में जुटी

**जबलपुर।** कोतवाली के दरहाई में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक की शादी कुछ दिन पहले ही हुई थी। युवक का पूरा परिवार उसकी पत्नी को लेने उसके मायके गया था। कोतवाली पुलिस ने बताया कि दरहाई निवासी अभिषेक जैन ने बीती शाम घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली इसकी सूचना पर मौके पर पहुंचे तो परिजनों ने बताया कि कुछ दिन पहले ही मृतक की शादी हुई थी। मृतक की पत्नी मायके गई हुई थी जिसे लाने के लिए परिवार के सभी लोग गए थे। घर मृतक और उसका भतीजा अकेला था। परिजनों ने बताया कि भतीजा नीचे खेल रहा था तभी अभिषेक जैन ने ऊपर कमरे में जाकर पंखे पर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने परिजनों के बयानों पर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। फोटो-अशोक

# तिलवारा में पेड़ पर लटकी मिली

## कीड़े लगी हुई 4 दिन पुरानी लाश मिली

**जबलपुर, यशभारत।** तिलवारा के रामपुर बरगी हिल्स में 4 दिन पुरानी कीड़े लगी हुई लाश मिलने से सनसनी मच गई। राह से गुजरने वालों ने इसकी सूचना तिलवारा पुलिस को दी। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर शव की शिनाख्तगी के प्रयास किए लेकिन शव के पास से कोई दस्तावेज या सुसाइन नोट नहीं मिला।तिलवारा पुलिस के अनुसार रामपुर बरगी हिल्स में एक पेड़ में शव लटकने की सूचना मिली थी। मौके पर जाकर देखा तो 35 से 37 साल का एक युवक पड़ पर लटका हुआ मिला। मृतक की शिनाख्त प्रहलाद दास बैरागी उम्र 35 वर्ष निवासी अमझर थाना बम्हमनी बंजर जिला मंडला, के रूप में हुई।पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच में जिला गया।

## श्री राकेश चौकसे का निधन



**जबलपुर।** कालीमठ आमनपुर निवासी श्री राकेश चौकसे का निधन हो गया है। वे श्रीमती संगीता चौकसे के पति एवं रितिक व अमन चौकसे के पिता थे। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मुक्तिधाम में किया गया।

Pure & Tasty AK's Special Jabalpur
मो. 9827681910
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना, मुरमुरा, बोल्ड चना, केला चिप्स, बोल्ड पीनट, मसाला चना, ड्राय मेल, चना जौर गर्म
प्रियदर्शनी एवं सेवा केन्द्र मढ़ाताल में उपलब्ध
होम डिलेवरी के लिए अनुभवी लड़कों की जरूरत है

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

सुपरस्पेश्यालिटी पेट एवं लिवर रोग क्लीनिक
डॉ. मनीष तिवारी
M.B.B.S., MD, DM Gastroenterology Member of American college of Gastroenterology Consultant Gastroenterologist, Shailby Hospital Super Speciality Gastro & Liver Clinic Jabalpur
उपचार की सुविधायें
- पेट में लंबे समय से तकलीफ
- लिवर से संबंधित बीमारियां
- पेंक्रियाज से संबंधित बीमारियां
- पाचन से जुड़ी हुई परेशानियां
पता सुपरस्पेश्यालिटी पेट एवं लिवर रोग क्लीनिक उखरी तिराहा, विजयनगर, जबलपुर
परामर्श के लिये संपर्क करें- 8085257585, 0761-4004867

ॐ शांति ॐ शांति ॐ शांति ॐ शांति ।। जय बाबा मसान ।। ॐ शांति ॐ शांति ॐ शांति ॐ शांति
"आपका साथी" एवं सम्पूर्ण समाधान मृत्यु उपरांत
दाह संस्कार पूजन सामग्री एवं पूजन, पंडित व्यवस्था प्रतिष्ठान
दाह संस्कार से संबंधित सम्पूर्ण सामग्री आपके बताये पते पर भेज दी जावेगी
9111712445, 8871253911 9111712445, 7999526101
दाह संस्कार सामग्री | खारी/ तीसरे दिन की पूजन सामग्री | दशगात पूजन | बारहवीं, तेरहवीं गंगाजली पूजन
दुकान पता: "आपका साथी" बल्देवबाग पेट्रोल पम्प के पास स्मॉल वण्डर स्कूल के सामने, उखरी रोड, जबलपुर

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायलयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)